संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 01 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल होते हुए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 321 पृष्ठ: 8+4

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## फास्ट न्यूज

### विधायक-पार्षदों के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी, 7.90 लाख रुपये मिले

**कोलकाता** : मुर्शिदाबाद के डोमकल के विधायक जफीकुल इस्लाम और दो पार्षदों के सात ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की। विधायक के घर से अभी तक आठ लाख रुपए बरामद किए गए हैं, अभी भी सीबीआई द्वारा तलाशी जारी है। विधायक फिलहाल विधानसभा सत्र के लिए कोलाकात गए हुए हैं। गौरतलब है कि शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने गुरुवार को मुर्शिदाबाद के डोमकल के विधायक जफीकुल इस्लाम, कोलकाता नगर निगम के पार्षद के आवास पर छापेमामरी की। यह छापेमारी घरों और उनके कार्यालयों में की गई है। छापेमारी के दौरान उनसे पूछताछ की जा रही है। बता दें कोलकाता, मुर्शिदाबाद, कूचबिहार जिलों में और उसके आसपास कई स्थानों पर छापेमारी जारी है। सूत्रों की माने तो जफीकुल के घर केंद्रीय बलों की उपस्थिति में सीबीआई ने छापेमारी की। दोपहर तकरीबन 12 बजे पैसे गिनने की मशीन को भी लाया गया।

### चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में 9.1 प्रतिशत रही जीडीपी

**नई दिल्ली** : सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों से पता चला है कि सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत थी। तुलनात्मक रूप से, अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की थी। पिछले वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में 17.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज दर्ज की गई थी। हालिया वृद्धि दर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए केंद्रीय बैंक की भविष्यवाणियों को पार कर गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस महीने की शुरुआत में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि की गति जारी रहने और चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर दर्ज करने का अनुमान लगाया था।

# पहले की सरकारें खुद को माई-बाप समझती थीं: मोदी

= सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं, किसान, इनको मजबूत बनाकर भारत को विकसित बनाएंगे

**बातचीत**

8 प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और भारत के गरीब परिवार को विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ बताया और कहा कि मेरे लिए ये चारों ही बड़ी 'जातियां' हैं। इनके उत्थान से ही भारत विकसित होगा। उन्होंने कहा कि देशभर से एक आवाज सुनाई दे रही है कि मोदी की गारंटी वहां से शुरू होती है, जहां लोगों की दूसरों से अपेक्षाएं खत्म होती हैं। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने एम्स, देवघर में ऐतिहासिक 10,000वें जन औषधि केंद्र का लोकार्पण किया।



### जलवायु कार्रवाई पर भारत खरा: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दुबई की अपनी यात्रा से पहले कहा कि जब जलवायु कार्रवाई की बात आती है तो भारत उस पर खरा उतरा है। सभ्यतागत लोकाचार को ध्यान में रखते हुए भारत ने हमेशा सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ-साथ जलवायु कार्रवाई पर भी जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक, मेरे भाई शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के निमंत्रण पर, मैं 1 दिसंबर को सीओपी-28 के विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दुबई की यात्रा कर रहा हूं।

इसके अलावा मोदी ने देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने का कार्यक्रम भी लॉन्च किया। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करने और जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने, इन दोनों पहलों की घोषणा की। यह कार्यक्रम इन वादों को पूरा करने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने झारखंड के देवघर, ओडिशा के रायगढ़ा, आंध्र प्रदेश के प्रकाशम, अरुणाचल प्रदेश के नामसाई और जम्मू-कश्मीर के अरनिया के लाभार्थियों से बातचीत की।

### पांच साल में 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश के 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। इससे पता चलता है कि सरकार की योजनाओं का गरीब तक पहुंचना कितना बड़ा परिवर्तन लाता है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त 51 हजार से से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। यह रोजगार मेला देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला युवाओं के लिए 'विकसित भारत' का निमार्ता बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। रोजगार मेले में नवनियुक्त युवाओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा नौकरी देने का अभियान लगातार जारी है।

आज 50 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ये नियुक्ति पत्र आपकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि अब आप राष्ट्र निर्माण की उस धारा से जुड़ने जा रहे हैं जिसका सीधा संबंध जन कल्याण से है। विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति पाने वालों की प्राथमिकता देशवासियों के जीवन को सुगम बनाना होना चाहिए।

# दुश्मनों की अब खैर नहीं!

आईएएफ की बढ़ेगी ताकत, डीएसी ने 97 अतिरिक्त तेजस और 150 प्रचंड हेलीकॉप्टरों की खरीद को दी मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्र सरकार ने लम्बे इंतजार के बाद गुरुवार को वायु सेना के लिए 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके-1ए और 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड खरीदने को मंजूरी दे दी। इसके अलावा नौसेना के लिए मध्यम दूरी की एंटी-शिप मिसाइलों को मंजूरी दी गई है। सेना के लिए टोड आर्टिलरी गन सिस्टम की खरीद को भी सरकार से मंजूरी मिल गई है। रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने के लिए 98 फीसदी हथियार घरेलू उद्योगों से खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में 2.23 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के संबंध में मंजूरी दी गई। इसमें 2.20 लाख करोड़ रुपये के हथियार घरेलू

**मिली मंजूरी**

8 सेना के लिए टोड आर्टिलरी गन सिस्टम की खरीद को भी सरकार से मंजूरी मिल गई है।

उद्योगों से खरीदे जाएंगे, जो कुल मंजूरी का 98 फीसदी हिस्सा है। इससे भारतीय रक्षा उद्योग को 'आत्मनिर्भरता' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा। डीएसी सेना के लिए दो प्रकार के एंटी-टैंक युद्ध, एरिया डेनियल म्यूनिशन (एडीएम) टाइप-2 और टाइप-3 की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी है, जो टैंक और बख्तरबंद को बेअसर करने में सक्षम हैं। अपनी सेवा अवधि पूरी कर चुकी इंडियन फील्ड गन (आईएफजी) को बदलने के लिए अत्याधुनिक टोड गन सिस्टम (टीजीएस) की खरीद के लिए एओएन दिया गया है।

# जम्मू-कश्मीर में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छह स्थानों पर ईडी की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में 250 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छह स्थानों पर तलाशी ली है। फर्जी रिवर झेलम कोऑपरेटिव हाउसिंग बिल्डिंग सोसाइटी के नाम पर हुई धोखाधड़ी मामले में जम्मू-कश्मीर राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। इसी मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने

**छापेमारी**

8 जम्मू-कश्मीर राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है।

फर्जी हाउसिंग सोसायटी के अध्यक्ष हिलाल-ए-मीर, जे-के स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के तत्कालीन अध्यक्ष मोहम्मद शफी डार और अन्य के खिलाफ अगस्त, 2020 में भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत पहले ही आरोप पत्र दायर कर दिया था। एसीबी की जांच के अनुसार मीर ने सहकारी समितियों के प्रशासन विभाग के सचिव, सहकारी समितियों को एक आवेदन दिया था, जहां उन्होंने जे-के सहकारी बैंक लिमिटेड को 300 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने के लिए निर्देश देने की मांग की थी।

## फिरोजपुर में दिखा पाकिस्तानी ड्रोन

**ममदोट/फिरोजपुर (पंजाब) :** पंजाब के फिरोजपुर में बुधवार की रात अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन की हलचल देखने को मिली। पाकिस्तानी ड्रोन की आवाज आने पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने करीब 15 गोलियां दागीं। हालांकि ड्रोन पाकिस्तान लौट गया। यह घटना बुधवार रात पौने 10 बजे बीएसएफ चेकपोस्ट जामा रखिया हिठाड़ (जेआर हिठाड़) की है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक बीएसएफ बटालियान-182 के जवान सरहद पर लगी फेंसिंग के साथ-साथ गश्त कर रहे थे। उन्होंने आसमान में मंडराते ड्रोन की आवाज सुनी।

# तेलंगाना विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान का समय समाप्त हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर माहौल शांतिपूर्ण रहा। शाम 5:00 बजे तक 63.94 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। माओवादियों से प्रभावित विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम चार बजे समाप्त हो गया। बाकी 106 सीटों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान जारी रहा। पांच बजे तक कतार में लगे लोगों को मतदान करने दिया गया। कई स्थानों पर मतदाता मतदान केंद्रों के सामने कतार में खड़े हैं। आज शाम पांच बजे तक राज्यभर



में 63.94 प्रतिशत मतदान होने की आधिकारिक पुष्टि हुई है। शहरों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में मतदान प्रतिशत अधिक रहा। सुबह से ही सुस्त चल रहे मतदान ने शाम को रफ्तार पकड़ी। सबसे अधिक मतदान प्रतिशत मेडक जिले में 80.38 फीसदी दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम 63.94 फीसदी मतदान हैदराबाद में दर्ज किया गया। कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने के कारण मतदान देर से शुरू हुआ।

## हंगामेदार रहा विधानसभा का सत्र, चोर-चोर के लगे नारे

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल विधानसभा का शीतकालीन सत्र फिलहाल चल रहा है। गुरुवार को भी सारा दिन सदन के अंदर जमकर हंगामा हुआ है। बंगाल के बकाए के भुगतान की मांग पर सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस पिछले तीन दिनों से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने बैठकर विधानसभा में विरोध प्रदर्शन कर रही है। आज भी यह प्रदर्शन जारी था। जब नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी विधानसभा में अपना काम खत्म कर वापस लौट रहे थे तब उन्हें देखकर तृणमूल विधायकों ने थाली बजाना शुरू कर दिया और नारे लगे बाप चोर, बेटा चोर, भाजपा में सारे चोर। इसके बाद शुभेंदु अधिकारी वहीं खड़े हो गए और उन्होंने भाजपा विधायकों को भी धरने पर बैठने का निर्देश दिया। शुभेंदु के कहने पर भाजपा के सारे विधायक वहां धरने पर बैठ गए और फिर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ इसी तरह से थाली बजाकर नारेबाजी शुरू हुई। इसमें नारा लगा बुआ चोर भतीजा चोर तृणमूल में सारे चोर।



## एक्जिट पोल: तीन राज्यों में कांग्रेस-भाजपा का मुकाबला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पांच** राज्यों में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 03 दिसंबर को नतीजे आने का इंतजार है। आज तेलंगाना में मतदान समाप्ति के तुरंत बाद विभिन्न एजेंसियों और टीवी चैनलों के एग्जिट पोल आने शुरू हो गए हैं। इन एग्जिट पोलों के अनुसार भाजपा और कांग्रेस के बीच तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कड़ा मुकाबला है, जबकि तेलंगाना में कांग्रेस सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से आगे निकलती दिखाई दे रही है। विभिन्न चैनल





और एजेंसियों की ओर से किए गए सर्वे का औसत अगर देखा जाए तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच टक्कर है। दोनों पार्टियां 110 के आंकड़े के नजदीक दिखाई दे रही हैं। राज्य में 230 विधानसभा सीटें हैं। सर्वे के औसत के अनुसार भाजपा कुछ सीटों के अंतर से आगे है। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों में विभिन्न एजेंसियों के सर्वे बताते हैं कि यहां कांग्रेस बीआरएस को सत्ता से बाहर कर सकती है। ज्यादातर सर्वे कांग्रेस को 50 से 60 सीटें और बीआरएस को 45 से 50 सीटें दे रही है। इसमें एआईएमआईएम 6 से 7 सीटें और भाजपा 2-5 सीटें हासिल कर सकती है। छत्तीसगढ़ में एग्जिट पोल कांग्रेस की वापसी की ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि भाजपा पिछली बार के मुकाबले ज्यादा सीटें हासिल करेगी। राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस स्पष्ट 45 का आंकड़ा पार करती दिखाई दे रही है और भाजपा 35 से 40 सीटें ले सकती है।

## जोशीमठ के लिए योजना मंजूर होने पर मुख्यमंत्री ने जताया आभार

**देहरादून।** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने आपदाग्रस्त जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ की रिकवरी एवं रिकंस्ट्रक्शन योजना को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योजना की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री का आभार प्रकट किया है। योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) की रिकवरी एवं रिकंस्ट्रक्शन विंडो से 1079.96 करोड़ की केंद्रीय सहायता दी जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से 126.41करोड़ और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ देगी।



**उद्घाटन** राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में 40वें तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन का किया उद्घाटन

# मंत्री ने तटरक्षक बल से देश की तटीय सुरक्षा मजबूत बनाने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) से देश की तटीय सुरक्षा और समुद्री क्षमताओं को मजबूत बनाने की दिशा में पूरे समर्पण और पेशेवर अंदाज के साथ लगातार काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने नई दिल्ली में 40वें तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए खोज, बचाव और प्रदूषण प्रतिक्रिया के क्षेत्र में अग्रणी रहकर समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल की प्रशंसा की। राजनाथ सिंह ने कहा



कि आईसीजी ने अपनी स्थापना के बाद से सभी परिस्थितियों में नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में उनकी महत्वपूर्ण सेवा की है। उन्होंने प्रतिबंधित पदार्थ और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने की जरूरत पर भी जोर दिया। सम्मेलन के दौरान आईसीजी के महानिदेशक राकेश पाल ने रक्षा

**प्रोत्साहित किया**

8 पेशेवर अंदाज में लगातार काम करने के लिए भारतीय तटरक्षकों को किया प्रोत्साहित

मंत्री को मौजूदा विकास परियोजनाओं, परिचालन तत्परता और भविष्य की विस्तार योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन समुद्री चुनौतियों का समाधान करना और देश के तटीय निगरानी तंत्र को मजबूत बनाना है। इस सम्मेलन में रक्षा मंत्रालय और आईसीजी के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के एजेंडे में महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें समुद्री सुरक्षा और संरक्षा को बढ़ाना जैसे खोज और बचाव अभियान, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, प्रतिबंधित और नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ अभियान, समुद्र में मछुआरों, नाविकों की सुरक्षा, तटीय सुरक्षा उपायों को अधिकतम बनाना अंतर-एजेंसी समन्वय को मजबूत बनाना तथा समुद्री क्षेत्र के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना शामिल है।

## सीमा पर इस साल 92 करोड़ का सोना जब्त

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
दक्षिण बंगाल सीमा पर बीएसएफ जवान सोने के तस्करों से एक कदम आगे रहते हुए किसी भी अवैध गतिविधियों और तस्करी के उभरते नए तरीकों को विफल कर रहे हैं। इसी सक्रियता के चलते वर्ष 2023 में बीएसएफ के जवानों ने 153 किलोग्राम सोना जब्त किया है, जिसका मूल्य 92 करोड़ रुपये से अधिक है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 59वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर अधिकारियों ने यह आंकड़ा साझा किया। बल के दक्षिण बंगाल सीमान्त के जनसंपर्क अधिकारी डीआईजी एके आर्य ने बताया कि इस वर्ष दक्षिण बंगाल सीमा पर विभिन्न वाहिनियों ने सोने के





तस्करों के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। इस कारण 92 करोड़ रुपए मूल्य का 153 किलोग्राम सोना पकड़ा गया है। दक्षिण बंगाल सीमांत में खुफिया विभाग से लगातार मिल रही सूचनाओं ने तस्करों के लिए नई रणनीति अपनाना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। उन्होंने कहा, भारत बांग्लादेश सीमा पर सोने के तस्कर नए हथकंडे अपनाते हैं, जिन्हे जवानों ने विफल करने में कामयाबी हासिल की है। वर्ष 2023 जवानों ने सोने के तस्करी के 87 मामले को पकड़ने में सफलता हासिल की है।


# शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाएं अधिकारी - डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इण्डिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि राज्य में किसी भी प्रकार की शराब की अवैध बिक्री नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा जो भी शराब की दुकानें इस समय चल रही हैं, वे नियमानुसार उचित स्थानों पर खुली होनी चाहिए। डिप्टी सीएम ने गुरुवार को गुरुग्राम में आबकारी एवं कराधान विभाग की राज्य स्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिशा को दिशा-निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिला आबकारी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शराब की दुकानों के बाहर कोई भी निजी लिकर कंपनी का इश्तिहार नहीं लगा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितनी भी राज्य में



डिस्टलरीज चल रही हैं, उनके उत्पादन और बिक्री का राजस्व अधिकारियों के पास होना चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने कहा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि डीईटीसी फील्ड में अपनी विजिट को बढ़ाएं तथा प्रत्येक ठेकेदार के पास मौजूद शराब के कोटा और उसके रेट की चेकिंग करें। आबकारी विभाग के बाद कराधान अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एसजीएसटी कलेक्शन में हरियाणा ने गत वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि सभी कराधान अधिकारी यह प्रयास करें कि हरियाणा एसजीएसटी की रिकवरी में देश के टॉप पांच राज्यों में शामिल हो। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कंपनियों की टैक्स अदायगी का समय-समय पर विश्लेषण करते रहें। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य में एनजीटी के नियमानुसार उत्पादन इकाइयों को स्थापित किया जा रहा है, जिसकी बदौलत एसजीएसटी कलेक्शन में बढ़ोतरी हो रही है।

# राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया अतुल्य हरियाणा पुस्तक का विमोचन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने डॉ. कृष्ण कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'अतुल्य हरियाणा' का कल शाम राजभवन में विमोचन किया। अतुल्य हरियाणा पुस्तक की प्रथम प्रति डॉ. कृष्ण कुमार द्वारा हरियाणा के प्रथम व्यक्ति महामहिम राज्यपाल को भेंट की गई। इस अवसर पर एन आई टी कुरुक्षेत्र के निदेशक डॉ. बीवी रमन्ना रेड्डी भी मौजूद रहे। पुस्तक का विमोचन करते हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति बड़ी समृद्ध है और आज यह प्रदेश सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने डॉ. कृष्ण कुमार को शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि यह पुस्तक हरियाणा के बारे में जानने और समझने का अच्छा स्रोत साबित होगी। अतुल्य हरियाणा पुस्तक हरियाणा की संस्कृति, इतिहास, कला और विकास पर लिखी गई है। पुस्तक के लेखक डॉ.कृष्ण कुमार पत्रकार हैं और डी डी न्यूज से सम्बद्ध हैं। इससे पहले भी डॉ.कृष्ण कुमार की तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉ. कृष्ण कुमार को हरियाणा की लोक विधा सांग पर काम करने के लिए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार से सीनियर फैलोशिप मिल चुकी है और वे शांतिदूत दलाई लामा से भी सम्मानित किए जा चुके हैं।

# दूसरे दिन हुई 80 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)समग्र शिक्षा** अभियान एवं नेशनल स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल प्रांगण में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए मेडिकल अस्सेस्मेंट शिविर दूसरे दिन भी जारी रहा। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा लाडवा व थानेसर खंड के 80 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा विशिष्ट दिव्यांग पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। यह कार्ड दिव्यांग जनों को सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलवाने में सहायक होगा। शिविर में बच्चों को लाने व भोजन आदि की व्यवस्था विभाग द्वारा की गई थी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने दिव्यांग विद्यार्थियों को शिविर में सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए और विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि थोड़े प्रोत्साहन व सहयोग से यह दिव्यांग छात्र जीवन में ऊंचाइयों को छू सकते हैं। कार्यक्रम में बीईओ थानेसर इंदु कौशिक, बीईओ बाबैन संतोष चौहान, बीईओ लाडवा हरदीप कौर, बीआरसी रामकरण, एपीसी राजेश कुमार, क्रांति चावला, प्रदीप कुमार, डॉ कृष्णा कुमारी व जिला के सभी स्पेशल टीचर्स व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। डीपीसी समग्र शिक्षा सन्तोष शर्मा ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक व अन्य अधिकारियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को लाडवा व थानेसर खण्ड के 80 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच की गई जबकि शुक्रवार 4 नवम्बर को पिहोवा व बाबैन खंड के दिव्यांग छात्रों की जाँच जाएगी।

# मेधावी छात्र संशोधित योजना के आवेदन की तारीख बढ़ी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)उपायुक्त** शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार के अनुसूचित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने डा. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए आवेदन करने की तारीख अब 31 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी गई है। डा. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में दसवीं, बारहवीं व स्नातक कक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के अनुसार अंक प्रतिशत के आधार पर ये स्कॉलरशिप दी जाती है।उपायुक्त



शांतनु शर्मा ने बातचीत करते हुए कहा कि अनुसूचित वर्ग में शहर के विद्यार्थी को दसवीं कक्षा में 70 प्रतिशत अंक व ग्रामीण विद्यार्थी को 60 प्रतिशत अंक लेने पर 8 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। बारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले शहरी छात्र या छात्रा को 8 से 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। ग्रामीण विद्यार्थी के लिए 70 प्रतिशत अंक लाने जरूरी है। एससी श्रेणी में स्नातक कक्षा के शहरी छात्र को 65 प्रतिशत व ग्रामीण विद्यार्थी को 60 प्रतिशत अंक लाने के लिए 9 से 12 हजार रुपए की राशि स्कॉलरशिप के तौर पर दी जाती है। मैट्रिक में मेरिट लाने वाले विद्यार्थियों को 8 हजार रुपए की स्कॉलरशिप दी जाती है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग ए के लिए शहर व गांव के हिसाब से दसवीं कक्षा में 70 प्रतिशत व 60 प्रतिशत तथा पिछड़ा वर्ग बी में यही शर्त 80 प्रतिशत व 75 प्रतिशत रखी गई है। अन्य वर्ग में भी शहरी छात्र को दसवीं कक्षा में 80 प्रतिशत व ग्रामीण विद्यार्थी को 75 प्रतिशत अंक लाने जरूरी है। आवेदन के लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र,चार लाख रुपए से कम वार्षिक आय का प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, जाति प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज संलग्न किए जाने आवश्यक है। छात्र अपने आवेदन सरल हरियाणा . जीओवी . इन पर 31 जनवरी 2024 तक कर सकते है।

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)ब्यूरो** के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज कुरुक्षेत्र में बस चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के बीच पहुंचे। हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र के बस चालक प्रशिक्षण प्रभारी सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया और प्रतिबंधित नशा बेचने वाले अपराधियों की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वाले न केवल समाज और राष्ट्र को क्षति पहुंचा रहे होते हैं अपितु वे अपने जीवन को भी नरक की और धकेलते हैं। ऐसे व्यक्तियों के परिवार की स्थिति भी अच्छी नहीं होती। यद्यपि सरकार द्वारा अनेक प्रकार की जनकल्याण की योजनाएं चलाई हुई हैं। बुराई को छोड़कर सत्य के मार्ग पर चलना राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन होता है।

# बुजुर्गों व असहायों की मदद करने में हमेशा ही आगे रहते है समाजसेवी संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ बाबैन(दलबीर मलिक)प्रसिद्ध** समाजसेवी संदीप गर्ग पिछले डेढ़ साल से रसोईयां चलाकर लोगों को खाना खिलाकर पेट भरने का काम कर रहे हैं। उसी कड़ी में पिछले पांच महीने से लाडवा हल्के की कई बुजुर्गों व लोगों की आंखों की रोशनी देने का काम भी किया जा रहा है। अभी तक उनकी ओर से लगभग 121 बुजुर्गों व अन्य लोगों की आंखों के ऑप्रेशन करवाकर उनको आंखों की रोशनी देने का काम किया गया है।प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य यही है कि लाडवा हल्के का कोई भी व्यक्ति न तो बीमार हो और न ही भूखे पेट सोए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से लाडवा, बाबैन, यारी, मथाना व शाहबाद में उनकी ओर से दोपहर को 12 बजे से दो बजे तक मात्र पांच में भरपेट भोजन वितरित करवाया जा रहा है। उसी कड़ी में स्वस्थ बनेगा हल्का लाडवा अभियान के तहत पिछले पांच महीने में उनके द्वारा 46 निःशुल्क स्वास्थ्य व आंखो जांच शिविर लगवाए गए हैं उनमें से लगभग 121 ऐसे लोग उपचार करवाने के लिए आए। जिनकी आंखों की रोशनी की दिक्कत थी और दूर-पास का नजर भी नहीं आता था।

# 'भारत को विकसित देश बनाने के लिए अंतिम व्यक्ति को देना होगा योगदान'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ पिहोवा (दलबीर मलिक) हरियाणा** के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति को योगदान देना होगा। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की तरफ से हर गांव और हर वार्ड तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने और वंचित पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का अनूठा कार्यक्रम शुरू किया है। इस यात्रा के दौरान पहली बार लाखों लोगों को विकसित भारत बनाने का संकल्प भी दिलाया जाएगा। राज्यमंत्री संदीप सिंह वीरवार को जिला प्रशासन की तरफ से गांव थाना के राजकीय स्कूल के खेल प्रांगण में आयोजित विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री संदीप सिंह ने गांव थाना से विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधिवत रूप से शुभारंभ किया और स्कूल के विद्यार्थियों ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक



सुभाष सुधा, उपायुक्त शांतनु शर्मा, जिला परिषद अध्यक्षा कवलजीत कौर, भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बतान, हरियाणा, घुमंतू जाति बोर्ड के उपाध्यक्ष जयसिंह पाल, नगर पालिका पिहोवा के चेयरमैन आशीष चक्रपाणी ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। राज्यमंत्री संदीप सिंह सहित सभी मेहमानों और अधिकारियों ने विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टॉलों की जानकारी भी हासिल की है। इस दौरान दर्जनों लोगों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी हासिल की और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिया। इस कार्यक्रम में ही सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा केन्द्र सरकार की उपलब्धियां भी सभी लोगों को वितरित की गई। इस कार्यक्रम में ही हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से पूनम ने गांव थाना की सेल्फ हैल्प ग्रुप महिलाओं की मेरी कहानी मेरी जुबानी की प्रस्तुति भी दी है।

# आदेश के रेजिडेंशियल ब्लॉक और मैस में पी.एन.जी. गैस सप्लाई शुरू

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक)वीरवार को** मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल के रेजिडेंशियल ब्लॉक और मैस में पी.एन.जी. गैस सप्लाई सुविधा शुरू कर दी गई है। जिसकी शुरूआत आदेश के एमडी डॉक्टर गुणतास गिल, प्रिंसिपल एन. एस. लाम्बा और कंपनी के सी.ई.ओ. के.श्री. निवास ने की। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन के सभी सदस्य और कंपनी के सी.ई.ओ. ने मैस और रेजिडेंशियल ब्लॉक में जाकर पाइप के माध्यम से दी जा रही गैस सप्लाई को जांचा। सीईओ के.श्री. निवास ने बताया की आदेश अस्पताल में तीन



कमर्शियल व रेजिडेंशियल पाइप लाइन बिछाई गयी है। इस सुविधा के शुरू होने से अस्पताल स्टाफ के लोग भी खुश नजर आये और ने पी.एन.जी. सुविधा शुरू करने के लिए अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। अस्पताल स्टाफ के लोगों ने कहा की पाइप नेचुरल गैस सप्लाई की नितांत आवश्यकता थी जो आज पूरी हो गयी है। डॉ गुणतास गिल ने कहा की अस्पताल की उन सभी भवनों में पी.एन.जी. सप्लाई लाइन बिछा दी गयी गयी है जहाँ इसकी आवश्यकता थी। उन्होंने ने कहा की इस सुविधा के शुरू होने से डॉक्टर स्टाफ ० मैस के लोगों को बड़ी राहत मिली है क्यूंकि अब रसोई गैस सिलेंडर लाने पहुंचाने की परेशानी खत्म हो जाएगी।

उन्होंने पी.एन.जी. सप्लाई प्रक्रिया जल्द पूरी करने के लिए कंपनी के सी.ई.ओ. के. श्री निवास का आभार व्यक्त किया। इससे पहले आदेश में पहुंचे ने पर एमडी गुणतास गिल ने कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉक्टर एन.एस. लाम्बा, डॉक्टर गुरसतिन्दर सिंह, डॉक्टर नरेश ज्योति मौजूद रहे।

# युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोपित काबू

**गन्नौरः पुगथला गांव** में युवक के साथ बुरी तरह से मारपीट करने के मामले में एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित दीपक उर्फ दीपु गांव पुगथला का रहने वाला है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुगथला गांव के सुनील ने 4 अक्टूबर को शिकायत दी थी कि उसके भाई विपिन को सागर उर्फ पुजारी शराब पीने के लिए अपने साथ कश्यप चौपाल के पीछे खाली प्लाट में ले गया था। जहां पर सागर व दीपक उर्फ दीपू ने अपने साथियों के साथ मिल कर उसकी पिटाई कर दी और बेहोशी की हालत में उसे वहीं छोड़ कर भाग गए।

# दिल्ली एवं पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभा ने राधाकृष्ण आर्य को दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आर्य** प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य के सभा प्रधान के रूप में सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण करने पर दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा एवं पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभा के पदाधिकारियों सहित गुरुकुल के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी। आज गुरुकुल में पहुंचने पर ओएसडी टू गर्वनर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, प्रधान राजकुमार गर्ग, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य द्वारा सेठ राधाकृष्ण आर्य का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। तत्पश्चात दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य मंत्री विनय आर्य और पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सुदर्शन आर्य,



मंत्री प्रेम भारद्वाज ने भी सेठ राधाकृष्ण आर्य को बधाई दी। इस अवसर पर सभा प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि समाज के श्रेष्ठ लोगों ने उन्हें सभा प्रधान के रूप में जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसका पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा ऋषि दयानन्द के शिक्षा व आर्य समाज के सिद्धान्तों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# प्रतिनिधियों ने शैक्षणिक समझौते के लिए कुलपति सचदेवा से की मुलाकात

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में** गुरूवार को कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से डुबले मेन्चाशा, फिजिक्स कॉलेज डीन, बोराना विश्वविद्यालय, इथोपिया तथा वारियो डिडा, कॉलेज डीन, रसायन विज्ञान, बोराना विश्वविद्यालय, इथोपिया ने कुलपति कार्यालय में शैक्षणिक वार्ता की जिसमें उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से आने वाले समय में समझौता करने पर सहमति व्यक्त की। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि शिक्षा, खेल व संस्कृति के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सबसे श्रेष्ठ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर जोर दिया गया है जिसमें मुख्य रूप से



युवाओं में स्किल डेवलपमेंट, इंटर्नशिप के माध्यम से रोजगार परक शिक्षा देने की बात कही गई है इसी के मद्देनजर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के हितों के लिए संकल्पबद्ध है। इस होने वाले समझौते के तहत कुवि के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कार्यक्रम, प्रशिक्षण सत्र, कार्यशालाएं, सेमिनार, संयुक्त रूप से पीएचडी व स्नातकोत्तर डिग्री, व्यावहारिक कार्यों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी जिसके तहत कुवि विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र के साथ-साथ उद्योग के क्षेत्र में इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट, शोध व नवाचार के सुनहरे अवसर मिलेंगे। केयू एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियों में विशिष्ट कौशल विकसित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सक्षम बनाने का कार्य कर रहा है।

बोराना विश्वविद्यालय, इथोपिया के प्रतिनिधियों डुबले मेन्चाशा व वारियो डिडा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग, भौतिकी विभाग के ऑयन बीम सेंटर व अन्य विभागों का दौरा किया व वहां की प्रयोगशालाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र द्वारा उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एनईपी-2020 के अनुरूप चलाए जा रहे 19 आनलाईन प्रोग्राम्स की जानकारी प्राप्त की व उनकी प्रशंसा की। इस मौके पर लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. संजीव अग्रवाल, मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

## कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव अभिभाषण को सुना, महिला किसानों ने ड्रोन उड़ाकर दिखाया

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान झारखंड के देवगढ़ स्थित एम्स से 10 हजार जन औषधि केंद्रों और प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ किया, जिसका उन्होंने नमो ड्रोन दीदी का नाम दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा 15 नवंबर से शुरू की गई थी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जन औषधि केंद्रों से गरीबों को सस्ती दवाइयां मिलेंगी। अच्छी दवा-अच्छी सेवा ही जन औषधि केंद्र का मूल उद्देश्य है। भविष्य में जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 25 हजार की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यात्रा मोदी की गारंटी वाली गाड़ी है। लोग अधिक से अधिक इस से जुड़े, ताकि उन्हें सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं की जानकारी





मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में फरीदाबाद के बिल्लौच गांव में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को रवाना किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, नयनपाल रावत और श्रीमति सीमा त्रिखा, गांव से सरपंच और जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को दिए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबोधन को सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरियाणा में जनसंवाद कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। जिसकी शुरूआत आज फरीदाबाद जिला के बिल्लौच गांव से की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। लोगों को योजनाओं के बारे में भी अवगत कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं। प्रदेश में लगभग 40 हजार स्वयं सहायता समूह हैं। एक सहायता समूह में कम से कम 10 महिला सदस्य होती हैं, जो अपनी प्रतिभा से अच्छे उत्पाद पैदा करती हैं। इन स्वयं सहायता समूहों को प्रदेश सरकार 50 हजार से लेकर 3 लाख रुपये का लोन दे रही है। कई सहायता समूह तो लघु उद्योग का रूप ले चुके हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला किसानों ने ड्रोन उड़ाकर दिखाया। महिला अब खेती में ड्रोन का उपयोग खाद छिड़काव आदि कार्यों में कर सकेंगी। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और उनकी सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने बिल्लौच गांव के राजकीय कन्या विद्यालय के भवन के निर्माण के एस्टीमेट तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से जुड़ी फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ऑनलाइन सेवाएं देने के विशेष काउंटर लगाए गए। व्यक्तियों की वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को मौके पर ही ठीक किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान तैयार किए गए 7 व्यक्तियों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के प्रमाण भी वितरित किए।

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जगदीश चंद्र बोस को उनकी जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने जे.सी.बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस के 165वीं जयंती समारोह में शिरकत की। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की। श्री मनोहर लाल ने जगदीश चंद्र बोस के योगदान पर बल देते हुए कहा कि उनका जीवन युवा शोधकताओं के लिए एक आदर्श है, जिससे उन्हें प्रेरणा लेनी चाहिए। विज्ञान क्षेत्र में जगदीश चंद्र बोस के योगदान को मान्यता देते हुए वर्ष 2018 में विश्वविद्यालय का नाम जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखा गया था, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 2017 में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में की थी। इस दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और विकासात्मक पहलों के बारे में जानकारी भी दी। हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा, जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर, श्रीमती सीमा त्रिखा, विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जे पी दलाल जिला भिवानी में गांव बड़वा में विकसित भारत-संकल्प यात्रा का शुभारंभ करते हुए।

## शीतकालीन सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति तय कर रहा विपक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी जुटे विपक्ष ने 15दिसंबर से शुरू होने जा रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रदेश की गठबंधन सरकार को घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में सरकार को घेरने के लिए विपक्ष ने मुद्दे तय करना शुरू कर दिया है। विपक्ष के रुख को देखते हुए विधानसभा का शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने के आसार है। विपक्ष गठबंधन सरकार को घेरने की रणनीति बनाने की कवायद में जुट गया है और कांग्रेस ने छह दिसंबर को विधायक दल की बैठक बुला ली है। स्वास्थ्य महकमे से जुड़े सवालों पर अभी पेंच फंसा है। प्रदेश के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अपने रुख पर कायम हैं और वह पिछले डेढ़ माह से अधिक समय से स्वास्थ्य विभाग की कोई फाइल नहीं देख रहे हैं। अगर सत्र से पहले विज की नाराजगी दूर नहीं की गई तो सदन में स्वास्थ्य विभाग को लेकर सरकार का घिरना तय है, क्योंकि विपक्षी दल लगातार स्वास्थ्य विभाग को लेकर अपने सवाल तैयार करने में जुट गए हैं। उधर सरकार भी विपक्ष के सवालों का माकूल जवाब देने के लिए रणनीति बनाने में जुटी हुई है। भाजपा विधायक दल की बैठक में मंत्रियों व विधायकों के साथ विपक्ष के हमलों का जवाब देने की योजना तैयार की जाएगी।

## गरीबों को ढूंढ-ढूंढकर कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ रही है भाजपाः सैनी

**= पानीपत नागरिक अभिनंदन समारोह में नायब सैनी का कांग्रेस पर निशाना, पहले कांग्रेस को वोट देकर सरकार को ढूंढते थे मतदाता**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ दीपिक शर्मा/ काजल रानी**

पानीपत में अपने अभिनंदन समारोह में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कांग्रेस की गारंटी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार गरीबों को ढूंढ-ढूंढकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस केवल भ्रष्टाचार की गारंटी दे सकती है, जबकि भाजपा विकास की गारंटी के साथ तीसरी बार सरकार बनाने के लिए आगे बढ़ रही है। पानीपत पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के स्वागत में रोड शो निकाला। सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व व्यापारियों तथा आम लोगों ने फूलमालाओं से सैनी का जगह-जगह स्वागत किया। बाइक पर सवार सैंकड़ों कार्यकताओं ने मोदी-मनोहर जिंदाबाद, भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारों से पानीपत को भाजपामय कर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का जोश और आम जन का उत्साह जो देखने को मिल रहा है उससे तय है कि 2024 में मोदी-मनोहर



सरकार तीसरी बार बड़े प्रचंड बहुमत से बन रही है। रोड शो के बाद मंच पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, विधायक प्रमोद विज, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा सहित तमाम बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों ने बड़ी फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा जिले की लगभग 256 सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक व अन्य सम्मानित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का नागरिक अभिनंदन किया। पानीपत की ऐतिहासिक भूमि पर मिले सम्मान पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं पानीपत के हजारों कार्यकताओं और यहां की जनता का सम्मान है। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि गरीब व पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार का गरीबों को ढूंढ-ढूंढ कर मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं से जोड़ने पर फोकस है। सैनी ने कहा कि आज प्रदेश में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल, राज्यपाल, सांसद, मंत्री और विधायक यात्रा में जुड़े हैं। सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीबों की चिंता है इसलिए उन्होंने यात्रा के शुभारंभ में लाभार्थियों से जुड़कर उनका हाल-चाल और कुशलक्षेम पूछा है।

## न्यूज फ्लैश

### बहु बेटियों के विरुद्ध कृषि मंत्री का आपत्तिजनक व अमर्यादित भाषा का प्रयोग बेहद शर्मनाक: कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों, उनकी बहु बेटियों के विरुद्ध जो आपत्तिजनक व अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है वो बेहद शर्मनाक है। अहंकार के मद में बार-बार जनता, किसानों और महिलाओं का अपमान करने वाले मंत्री शायद ये भूल चुके हैं कि कुर्सी पर बैठाने वाले गिराने में भी देर नहीं लगाते। वो दिन अब दूर नहीं है। किसानों की बहु बेटियों के बारे में ऐसी गंदी भाषा बोलने वाले को कृषि मंत्री पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। मीडिया के नाम जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि बहन-बेटियों और किसानों के प्रति प्रदेश के कृषि मंत्री का बयान बेहद शर्मनाक है। ऐसी भाषा शैली किसी राजनेता की तो नहीं होती। सत्ता के मद में चूर प्रदेश सरकार के मंत्री और विधायक किसानों और महिलाओं का अपमान करने में लगे हुए है। कृषि मंत्री ने जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग आंदोलन में संघर्षरत योगदानकताओं के लिए किया है वह केवल एक असंवेदनशील और संस्कारहीन व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। शर्म की बात है। जेपी दलाल, जिन्होंने सबसे पहले किसानों को पाकिस्तान और चीन समर्थक बताया था, को मंत्री पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

### पराली स्टोर केंद्र में रखी पराली की गांठों में लगी भीषण आग, डेढ करोड़ का नुकसान

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल क्षेत्र के गांव रत्ताथेह के पास मूसाखेड़ा रोड पर बने पराली स्टोर केंद्र में रखी पराली की गांठों में गुरुवार की सुबह आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। आग इतनी भयंकर थी कि कुछ ही समय बाद इसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थी और क्षेत्र में धुआं ही धुआं फैल गया। इससे क्षेत्र में भगदड़ मच गई। दमकल कर्मियों ने लगभग 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी अनुसार मूसाखेड़ा रोड पर रत्ताथेह गांव के समीप सडक किनारे कैथल के सीएल रेलाएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कई एकड़ भूमि में पराली स्टोर केंद्र बनाया हुआ है। जहां किसानों के खेतों से पराली की गांठें लाकर एकत्रित की जाती है। बताया जाता हैं कि सुबह करीब साढ़े चार बजे पराली के गांठों में अचानक से आग लग गई। प्लांट के सुरक्षा प्रहरी गांव मुसाखेड़ा निवासी गुरविंदर सिंह ने पराली के स्टॉक में आग के गुब्बार निकलते देखे तो तत्काल घटना की सूचना डायल 112 व फायर बिग्रेड को दी गई।

## 'जुमला साबित हुआ मुख्यमंत्री का जनसंवाद'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जनसंवाद कार्यक्रम आखिरकार जुमला ही निकला। इसका उद्देश्य न तो लोगों की शिकायतों व समस्याओं को सुनकर दूर करना है, न ही जनता को किसी तरह की राहत देना है। कहने को लोगों से उनकी फरियाद कागज पर लिखवा कर ले ली जाती है, लेकिन इनके निराकरण की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। कम से कम शहरी निकाय विभाग में लंबित पड़ी शिकायतों को देखकर तो यही लगता है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि अकेले शहरी निकाय विभाग से संबंधित 1694 शिकायत जन संवाद कार्यक्रम के दौरान मिली। इनमें से अभी तक 1532 शिकायतों का ही निपटारा हो सका है। इससे पता चलता है कि जन संवाद को लेकर प्रदेश सरकार कितनी गंभीर है। जन संवाद के दौरान जिस तरह का मुख्यमंत्री का रवैया देखने में आया है, उससे पता चलता है कि वे तानाशाह हो चुके हैं। जनता की समस्याओं से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साढ़े 08 साल तक जिस मुख्यमंत्री को जनता की याद नहीं आई, वह जन संवाद के नाम पर खुद के फील्ड में उतरने का ढोंग कर रहे हैं।

## लाभार्थियों को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभः चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/ गुरुग्राम/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि हरियाणा सरकार की नेक सोच और तकनीक का लाभ निरंतर लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साल 2047 में विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में टेक्नोलॉजी प्रमुख माध्यम बनेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा में बड़े स्तर पर आधुनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करने में प्रदेश सरकार की ओर से निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में शुरू की गई परिवार पहचान पत्र जैसी सेवा इसका जीवंत उदाहरण है, इसकी



वजह से आज बुजुर्गों को पेंशन और जरूरतमंद परिवारों को राशन कार्ड आदि योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल रहा है। वे वीरवार को गुरुग्राम में भारत सरकार और हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'विकसित भारत-संकल्प यात्रा, जनसंवाद' कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा के सभी गांवों को लाल डोरा मुक्त करने के लिए स्वामित्व योजना चलाई गई है और इसका लाभ अब प्रदेश के सभी गांवों में मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव अलीपुर में लड़कों और लड़कियों के स्कूलों में सोलर बेस्ट डिजिटल लाइब्रेरी बनवाने, सोहना में पढ़ने वाली छात्राओं की सुविधा के लिए अलीपुर-घामड़ौज से सीधी बस सेवा आरंभ करने, गुरुग्राम-सोहना मार्ग से अलीपुर को जोड़ने वाली सडक के निर्माण, गांव घामड़ौज में मंदिर वाले तालाब को तालाब प्राधिकरण के माध्यम से अमृत सरोवर के तौर पर विकसित करने आदि की घोषणाएं भी की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने सोहना के विधायक संजय सिंह व ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी सुना। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड भी वितरित किए।

## सिंचाई विभाग ने नहरी पटरी पक्का करने के लिए फीस बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में सिंचाई विभाग ने ग्राम पंचायतों को झटका दे दिया है। गांवों से निकलने वाली नहरों व माइनरों के साथ बनी पटरियो को पक्का करने के लिए ग्राम पंचायतों को अब सिंचाई विभाग को एक लाख रुपए देकर एनओसी लेनी होगी। पहले यह एनओसी दस हजार रुपए में ही मिल जाती थी। नहर या माइनर के साथ बनी पटरी सिंचाई विभाग के अधीन आती हैं। अगर ग्राम पंचायतें किसी किसान के खेत में जाने के लिए इसे पक्का करती हैं, तो अब उनको एक लाख रुपये देकर ही विभाग से एनओसी लेनी होगी। पहले 10 हजार में यह काम हो जाता था।

सिंचाई विभाग की ओर से जो नहरें बनाई जाती हैं, उसके साथ ही लोगों के आने-जाने के लिए पटरियां भी बनाई जाती हैं। इन पटरियों के साथ ही किसानों के खेत लगे होते हैं और ग्राम पंचायतों पर कई बार यह दबाव बनता है कि मिट्टी वाली इन पटरियों को पक्का करवाया जाए, ताकि किसानों को अपने वाहनों पर आने जाने में कोई परेशानी न हो। इसके लिए ग्राम पंचायतों को सिंचाई विभाग से इन पटरियों पर टाइलें बिछाने या इसे पक्का करने के लिए एनओसी लेनी पड़ती है।

## पुलिस महानिदेशक ने सोनीपत पुलिस लाइन में ई-लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने देर सांय सोनीपत जिला में प्रदेश की पहली पुलिस ई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न सरकारी व डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक ने ई-लाइब्रेरी परिसर का निरीक्षण करते हुए वहां विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने




उपस्थित विद्यार्थियों तथा आसपास के गांव के मौजिज लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी। ई-लाइब्रेरी खुलने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यहां उपलब्ध करवाई जाने वाली पाठ्य सामग्री से विद्यार्थियों को सीखने तथा जीवन में आगे बढ़ने को लेकर प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही इस ई लाइब्रेरी के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

## चंडीगढ़ः कांग्रेस पार्टी ने की प्रतिभा खोज अभियान की शुरूआत

### कांग्रेस पार्टी ने राजनीति में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए खोले दरवाजे: चौधरी उदयभान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी ने प्रतिभा खोज अभियान की शुरूआत की है। और इस अभियान को लेकर वेबसाइट भी लॉन्च कर दी है। इस अभियान के तहत ऑफलाइन और ऑनलाइन आवेदन करके युवा पार्टी से जुड़ सकेंगे। जिसकी जानकारी हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान के प्रेस वार्ता के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की तरफ से की गई है, जिसका नाम 'प्रतिभा से परिवर्तन' रखा गया है। और इस अभियान के जरिए कांग्रेस पार्टी साक्षात्कार,




समूह चर्चा के माध्यम से प्रदेश स्तर, जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर सोशल मीडिया और मीडिया विभाग में नियुक्ति करेगी। चौधरी उदयभान ने बताया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से क्वालिफाइड, प्रोफेशनल और आम लोगों को हरियाणा में कांग्रेस संगठन के साथ राजनीति में अपना केरियर बनाने के अवसर मिलेंगे। जो विभिन्न कारणों से राजनीतिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो पाए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने एक महिने में इस प्रक्रिया को पूरा करके प्रवक्ता, वक्ता, सोशल मीडिया एक्टिविस्ट, कंटेंट राइटर, ग्राफिक डिजाइनर, आरटीआई एक्टिविस्ट, स्ट्रीट प्ले टीम आदि जिम्मेदारियों के लिए प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। प्रेस वार्ता में शामिल मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मृणाल पंत ने बताया कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस इस प्रक्रिया के माध्यम से प्रवक्ताओं और सोशल मीडिया की टीम का सफलतापूर्वक विस्तार कर चुकी है।

3 हजार लोगों को इस प्रक्रिया के माध्यम से पार्टी से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा देश का दूसरा राज्य है जिसने 'प्रतिभा से परिवर्तन' की प्रक्रिया को स्वीकार किया है। वहीं इस दौरान भाजपा-जजपा पर बोलते हुए चौधरी उदयभान ने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश के ऊपर कर्ज का बोझ डाल दिया है। आज जब कोई बच्चा पैदा होता है तो उस पर 1 लाख 32 हजार रुपए का कर्ज होता है।

# देश निरंतर तेजी से बढ़ रहा है आगे : हरविन्द्र कल्याण

## सालवन गांव में हुआ विकसित भारत जन सवांद संकल्प यात्रा का स्वागत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित भारत** जन संवाद संकल्प यात्रा करनाल जिले के गांव सालवन में पहुंची। गांव की स्वागत कमेटी व अतिथियों द्वारा यात्रा का भव्य ढंग से स्वागत किया गया। घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण व भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा की गरिमामयी उपस्थित रही। इस अवसर पर असंध के पूर्व विधायक बक्शीश सिंह विर्क व उपायुक्त अनीश यादव, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा भी मौजूद रही।

कार्यक्रम में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबके लिए बड़े ही गर्व की बात है कि नरेन्द्र मोदी जी के 2047 तक विकसित भारत के सपने की यात्रा आज हमारे जिले में सालवन गांव की पवित्र भूमि से शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर विकास के रास्ते पर निरंतर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य आमजन के लिए बनी सरकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाते हुए उनको जागरुक करना है और अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं को लाभ दिलवाना है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की हर योजना का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिले, इसके लिए सरकार हर सम्भव प्रयासरत है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी केन्द्र सरकार की तर्ज पर अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई है।



मुख्यमंत्री ने गरीबों की भलाई के लिए संकल्प लेकर फैमली आईडी की शुरूआत की, जिसके बाद हर गरीब व्यक्ति की पहचान हुई। फैमली आईडी से ही प्रदेशभर में लगभग 20 लाख नये बीपीएल कार्ड पूरी पारदर्शिता के साथ बने। इतना ही नहीं मनोहर लाल सरकार राज्य के सभी जिलों को राष्ट्रीय राजमार्गों से भी जोड ? का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल के समय पूरी दुनिया के ऊपर संकट था लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस समय भी अपने देश को सुरक्षित रखा। केंद्र सरकार ने किसानों की भलाई के लिए भी अनेकों योजनायें प्रारम्भ की, जो कभी विपक्ष के लोग सोच भी नहीं सकते थे। वर्तमान में केन्द्र व राज्य की सरकार 14 फसलों को एमएसपी रेट पर खरीद रही है, जबकि पहले की सरकारों में केवल दो ही फसलों पर एमएसपी रेट दिया जाता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मनोहर लाल सरकार ने समान भावना से काम करते हुए और भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार कर व्यवस्थाएं बदलने का काम किया और विकास के नये आयाम स्थापित किए है।

**पिछले 9 वर्षों में नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत देश नयी शक्ति बनकर उभरा : योगेन्द्र राणा**

भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने अपने संबोधन में कहा कि देशभर में विकसित भारत जन सवांद संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड राज्य के एक पिछड़े गांव से शुभारम्भ किया था। इसी कड़ी में यह यात्रा हरियाणा राज्य के हर गांव में पहुंच कर केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ-साथ जागरुक करने का काम भी करेगी। करनाल जिले में भी यह यात्रा प्रत्येक दिन 25 जनवरी तक हर गांव तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत देश नयी शक्ति बनकर उभरा है। हरियाणा राज्य में भी मनोहर सरकार ने पढ़े-लिखे युवाओं को पारदर्शिता के साथ नौकरियां देकर भाई-भतीजावाद की प्रथा को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की सोच है कि एक-एक पैसा जन कल्याण के लिए लगना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू : योगेन्द्र राणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का मुनक गांव में स्वागत कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान संकल्प यात्रा के साथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ असंध के पूर्व विधायक बक्शीश सिंह विर्क व अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा भी मौजूद रही।

जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने अपने संबोधन में कहा कि देशभर में चलने वाली यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रव्यापी आउटरिच पहल है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार हर गरीब व्यक्ति के घर तक दस्तक देगी और उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे मे अवगत करवाएगी। इतना ही नहीं इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का भी फीडबैक लिया जाएगा और जो पात्र व्यक्ति बच गए हैं उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह यात्रा 25 जनवरी 2024 तक जिले के हर गांव व शहर से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योध्य को हासिल करने के लिए कई अनूठी योजनाएं शुरू कर ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि पहले गरीब लोग धन के अभाव में मर जाते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने कोई उपचार से वंचित न रहे इसके लिए आयुष्मान भारत- चिरायु योजना शुरू की है । इन योजनाओं के तहत अंत्योदय परिवार को 5 लाख रुपए तक का सालाना मुफ्त ईलाज उपलब्ध कराया जाता है।

इस अवसर पर करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, असंध के एसडीएम वीरेन्द्र ढूल, घरौंडा की एसडीएम अदिति, बीडीपीओ अशोक छीक्कारा, डीएसपी सुरेश कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, जिला महामंत्री सुनील गोयल व मंडल अध्यक्ष अमित राणा सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

### रामनगर से खाटू श्याम के लिए निकली पैदल यात्रा का किया स्वागत

**गन्नौर।** गांव रामनगर से खाटू श्याम राजस्थान के लिए निकली पैदल यात्रा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। यात्रा के रवाना होने से पूर्व भक्तों ने बाबा श्याम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। ब्लाक समिति सदस्य विनोद जागड़ा ने बताया कि यात्रा में 50 बाबा के भक्त है और दिसंबर में यात्रा बाबा खाटू श्याम के मन्दिर में प्रवेश करेगी। सरपंच बल्ले ने कहा कि बाबा श्याम मन्नत मांगने वाले हर भक्त की मनोकामना पूरी करते है। बाबा श्याम की भक्तों पर कृपा बनी रहती है। यात्रा में नरेश फौजी, बिजेन्द्र, कुलदीप स्वामी, संदीप शर्मा, नवीन शर्मा के अलावा महिलाएं भी शामिल है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी पुनीत राई के आवास पर पहुंच कार्यकर्ताओं से मिले

**राई/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा** के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं कुरूक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी बुधवार को राई गांव में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई के आवास पर पहुंचे और कार्यकताओं से बातचीत की। पुनीत राई व ग्रामीणों ने प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम है, केन्द्र व प्रदेश की सरकार ने आम और गरीब व्यक्ति के जीवन में मुस्कान लाने का काम किया है। योजना बाद तरीके से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया गया है। प्रदेश की मनोहर सरकार ने बिना पर्ची और खर्ची के नौकरी देने का कार्य किया है,पिछली सरकारों में जहां लोगों का विश्वासउठ गया था,साढ़े 9 साल में देश मोदी सरकार ने विश्वास जगाने का काम किया है। इस मौके पर विधायक मोहन लाल बडौली, जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा ,सांसद जी के भाई राजेंद्र कौशिक, ललित बत्रा, सुंदर जठेड़ी, वेदपाल शास्त्री, जसवीर दोदुवा, सुनील आर्य, जिला पार्षद देवेंद्र,नरेन्द्र चौहान, नरेश पांचाल, राजबीर दहिया आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एचएसआईआईडीसी के मैनेजर इन्द्रपाल की सेवानिवृत पर हुआ समारोह


**गन्नौर।**
**बड़ी एचएसआईआईडीसी** के मैनेजर इन्द्रपाल वीरवार को अपनी 25 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृती पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी एचएसआईआईडीसी के संपदा अधिकारी ऋषि चौहान, सीनियर मैनेजर जसबीर देशवाल, पानीपत एचएसएसआईआईडीसी के सपंदा अधिकारी विनोद कत्याल, रोहताश पंवार, एमएसएमई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक आदि ने शिरकत की। संपदा अधिकारी ऋषि चौहान ने कहा कि इन्द्रपाल ने अपने कार्यकाल में ईमानदारी से कार्य किया। उनके द्वारा किए कार्य की हमेशा सराहना की जाएगी। पानीपत एचएसएसआईआईडीसी के सपंदा अधिकारी विनोद कत्याल ने कहा कि इन्द्रपाल की कार्यशैली की सभी सराहना करते थे। उन्हें जो जिम्मेदारी मिलती थी वे उसे पूरा तय समय में करते थे। सीनियर मैनेजर जसबीर देशवाल ने कहा कि मैनेजर इन्द्रपाल की कार्यशैली का अन्य कर्मचारियों को भी अनुसरण करना चाहिए। एमएसएमई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक ने कहा कि जब भी उद्योगपतियों से मिली समस्या के समाधान को लेकर उन्होंने बात की तो उन्होंने हमेशा समाधान करवाया। अधिकारी रोहताश पंवार ने कहा कि वे बहुत ही ईमानदारी, मेहनती थे। उनका कार्य ही उनकी पहचान रहा। आपकी प्रतिभा और उत्साह हमेशा हमें कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। आप न केवल हमारे लिए बास थे बल्कि सरंक्षक और मित्र थे। सेवानिवृत इन्द्रपाल ने कहा कि उनके द्वारा किए गए सहयोग को हमेशा याद रखेंगे। इस मौके पर ठेकेदार दीपक, सुमित अत्री के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शाखा ग्राउंड में हुआ ग्रामी महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**महिला** एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कमलेश सुहाग की अध्यक्षता में वीरवार को करनाल ब्लॉक (ग्रामीण) द्वारा शाखा ग्राउंड में ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से बीईओ सीमा कुमारी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रही। उन्होंने सभी खिलाडि ?ों को प्रोत्साहित किया।
महिला खेलकूद प्रतियोगिता के तहत मटका रेस में सीमा प्रथम, प्रमिला द्वितीय तथा मीना तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार आलू चम्मच रेस में रमनदीप कौर प्रथम, संतोश दूसरे तथा रेखा तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार 100 मीटर रेस में बबली ने प्रथम, ममतेश ने द्वितीय तथा रानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## करनाल : सैशन जज ने किया प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सैशन** जज चंद्रशेखर, नवनियुक्त मजिस्ट्रेट सुश्री मीनू वर्मा एवं सुश्री अमृतवीर कौर ने प्लेस ओफ सेफ्टी, मधुबन करनाल का औचक निरीक्षण किया। प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे बाल कैदियों से वातार्लाप की और उनको होने वाली परेशानियों के बारे में जाना इसके बाद जिला व सत्र न्यायाधीश ने उनको परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को स्वयं परखा। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए भी जागरूक किया ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी न फैले। उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कोई



बच्चा अपने आगे के अध्ययन में सुधार करना चाहता है तो वह जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, करनाल से संपर्क कर सकता है। इस संबंध में स्टाफ को बच्चों के आवेदन अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए। अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों/कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित / प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों/कैदियों को कानूनी सेवायें प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए अनुरोध किया।

## द सैशन जज ने किया एमडीडी बाल भवन का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला और** सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरपर्सन चंद्रशेखर एवं नवनियुक्त मजिस्ट्रेट सुश्री मीनू वर्मा और सुश्री अमृतवीर कौर ने वीरवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार एमडीडी बाल भवन, फुसगढ़ रोड में रहने वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आवास की देखभाल के लिए दौरा किया। इस अवसर पर बाल भवन के संरक्षक पी.आर.नाथ भी मौजूद रहे।

समाज के निराश्रित बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है या वे बच्चे जिनके



माता-पिता उनका भरण पोषण करने में सक्षम नहीं है, एमडीडी ऑफ इंडिया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन पूरी लगन के साथ उनकी देखभाल कर रहा है। एमडीडी चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में वर्तमान में 88 लड़कियां रह रही हैं। सभी लड़कियां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रही हैं। एमडीडी चाइल्ड केयर संस्था की ओर से उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। एम.डी.डी बाल भवन अनाथालय एक प्यारा शांतिपूर्ण घर से दूर घर है, जिसका एकमात्र उद्देश्य उन वंचित अनाथों के जीवन से प्यार करना और उनकी देखभाल करना है, जिनके पास दावा करने के लिए कुछ भी नहीं है और खुद से पूछने के लिए कोई नहीं है।

सैशन जज चंद्रशेखर, नवनियुक्त मजिस्ट्रेट सुश्री मीनू वर्मा और सुश्री अमृतवीर कौर का द्वारा बच्चों का व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से साक्षात्कार किया गया और उनसे उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा कुछ बच्चों से कविताएं सुनकर उनका मनोबल भी बढ़ाया गया एवं उनको प्रेरणा भी दी गई।

## खेल जीवन का अभिन्न अंग, पढ़ाई के साथ खेल भी खेले बच्चे : कौशिक

**गन्नौर। गन्नौर** शहर के किशनपुरा में सिथति प्रयास इंटरनेशनल स्कूल जूनियर विंग में बुधवार को वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिकायत निवारण समिति से सदस्य योगेश कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि , जबकि निशा कौशिक ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। खेल महोत्सव में पहुंचने पर स्कूल की मुख्य अध्यापिका रुचिका बत्रा व सीनियर विंग के निदेशक अमित बत्रा ने बुके देकर स्वागत किया। खेल महोत्सव में स्कूल के छोटे छोटे खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर योगेश कौशिक ने खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भाग जरूर लेना चाहिए। आज खेल क्षेत्र में भी रोजगार के सुनहरे अवसर है। स्कूल की मुख्य अध्यापिका रुचिका बत्रा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार डालकर उन्हें एक अच्छा खिलाड़ी भी बनाया जाये। उन्होंने कहा कि वे अपने उद्देश्य में काफी हद तक सफल भी हो रहे है। निशा कौशिक ने कहा कि हर माता पिता एक ऐसे स्कूलवाकई तलाश में रहता है जिसमें उसका बच्चा सुरक्षित रहकर अच्छी शिक्षा ग्रहण कर एक नेक व बड़ा नागरिक बन सके और बच्चों के अभिभावकों की इच्छा पर प्रयास स्कूल खरा उतर रहा है। कार्यक्रम के अंत मे स्कूल निदेशक अमित बत्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया,और अभिभावकों को विश्वास दिलाया।

## कक्ष का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपए के कंप्यूटर लेकर फरार

**गन्नौर। खेड़ी** तगा गांव स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपए के कंप्यूटर, मॉनिटर आदि चोरी कर ले गए। सफाई कर्मचारी जब सुबह स्कूल के कमरों की सफाई करने के लिए आया तो कमरों में कम्प्यूटर नही मिले तो चोरी की सूचना स्कूल के शिक्षकों को दी। इसके बाद बड़ी थाना पुलिस स्कूल को अवगत कराया। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची । सूचना मिलने के बाद गांव के सरपंच भी पहुंचे और पुलिस से चोरों का सुराग लगाने की मांग की। स्कूल के शिक्षक सतीश कुमार ने बताया कि बुधवार को अच्छे से कम्प्यूटर लैब बंद करके गए थे। अगले दिन गुरुवार सुबह स्कूल आने पर देखा कंप्यूटर कक्ष में दरवाजों के ताले टूटे मिले। जांच के बाद पाया कि चोर अंदर से कंप्यूटर का सीपीयू, मॉनिटर व कीबोर्ड आदि चोरी कर ले गए थे।

## भूकंप को लेकर सचिवालय के दूसरे भवन में हुई मॉक ड्रिल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**प्राकृतिक** आपदा की स्थिति से निपटने के लिए जिला लघु सचिवालय के दूसरे भवन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान वीरवार को दिन के 11 बजे अचानक 6.6 तीव्रता का भूकंप आने पर सायरन बज उठता है। जिससे जिला सचिवालय में मौजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सीढि ?ों के जरिये फौरन बाहर आने को कहा गया।
पांच मिनट के भीतर अधिकांश कर्मचारी बाहर निकल आते हैं।



सूचना पाकर पुलिस भी तुरंत पहुंची जाती है। पुलिस की मदद से कर्मचारियों को भवन के एक ओर एकत्रित किया जाता है। एंबुलेंस के जरिये घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाता है। इसी बीच अग्रिशमन की गाडि ?ां भी मौके पर पहुंच जाती हैं। दस मिनट के भीतर एनडीआरएफ की यूनिट भी सहायता के लिये घटनास्थल पर पहुंच कर राहत कार्यों में जुटी जाती है।

एनडीआरएफ को सूचना मिलती है कि अभी भवन के भीतर कुछ घायल फंसे हुये हैं। टीम के सदस्य भवन में प्रवेश के लिये गेट को काटने के लिए उस पर 70 गुणा 70 सैंटीमीटर आकार का निशान लगाते हैं। तभी टीम के दूसरे सदस्य कटर से मार्क किये गये दरवाजे को काटते हैं जिससे अंदर जाने का रास्ता साफ हो जाता है। इसके बाद एनडीआरएफ के सदस्य भवन में फं से घायलों को एक-एक करके बाहर निकलाते हैं। उन्हें तुरंत एंबूलेंस में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया जाता है। तभी राहत कार्यों में जुटी टीम को भवन के प्रथम तल पर आग लगने की सूचना प्राप्त होती है।

## जेपी दलाल को प्रदेश सरकार तुरंत करे बर्खास्तः रतनमान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रदेश के** कृषि मंत्री जेपी दलाल की ओर से गत दिनों किसानों की बहन.बेटियों के प्रति बोली गई अभद्र भाषा के मामले ने तूल पकड ?ा शुरू कर दिया है। इसके चलते भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सीएम सिटी में गुरुवार को किसानों द्वारा किए गए रोष प्रदर्शन के दौरान देखने को मिला। सैकड़ों आक्रोशित भाकियू कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जाहिर किया। रोष प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने किया। इस मौके पर प्रदेश संरक्षक प्रेमचंद शाहपुर, प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह लाडी, प्रदेश संगठन सचिव



श्याम सिंह मान, चेयरमैन यशपाल राणा, महिला जिला अध्यक्ष नीलम राणा विशेष तौर पर मौजूद रही। इससे पूर्व भाकियू कार्यकर्ता जाट भवन करनाल में एकत्रित हुए, जहां से उन्होंने लघु सचिवालय तक पैदल चलकर नारेबाजी करते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि मंत्री जेपी दलाल ने जिम्मेदारी के पद पर होते हुए जो अभ्रता की भाषा का इस्तेमाल किया गया है। वह किसी भी मायने में सही नहीं है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इसका खामियाजा आने वाले समय में दलाल को भुगतना पड़ेगा। जिसके लिए प्रदेश भर में व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। दलाल ने अब तक के अपने कृषि मंत्री के कार्यकाल में किसानों के लिए कुछ भी नहीं किया है। अब बहन.बेटियों के लिए अभद्रता की भाषा पर उतर आया है। इस तरह की भाषा बोल कर उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की योजना को रौंदने का काम किया है। किसान नेता ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दलाल ने इस मामले पर जल्द ही सार्वजनिक माफी नहीं मांगी तो हालात बिगड़ सकते है। गौरतलब है कि कई दिन पूर्व हलका लोहारू के गिगनाऊ गांव में एक जनसभा के दौरान बोलते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बहन-बेटियों के खिलाफ अभद्रता के साथ गलत भाषा का प्रयोग किया था, जिसको लेकर प्रदेशभर में रोष की लहर है।

## नागरिक प्रॉपर्टी आई.डी. को करें स्व-प्रमाणित : अभिषेक मीणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से प्रदेश के सम्पत्ति कर दाताओं को अच्छी-खासी छूट का लाभ दिया जा रहा है, जिसका शहरवासी फायदा भी उठा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने गुरूवार को छूट की जानकारी देते बताया कि सम्पत्ति कर दाता आगामी 31 दिसम्बर तक, वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के सम्पत्ति कर से जुड़े सभी बकायों की एकमुश्त अदायगी करने पर समस्त ब्याज माफी का लाभ ले सकते हैं। ऐसा करने वाले नागरिक को सम्पत्ति कर की बकाया मूल राशि यानि एरियर पर भी 15 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। लेकिन इसके लिए उसे अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्त सरकार की ओर से सभी कर दाताओं को, आगामी 31 दिसंबर तक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने पर, चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि देरी से भुगतान करने पर प्रति मास डेढ प्रतिशत की दर से ब्याज प्रभारित भी किया जाएगा।
कैसे करें प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित- आयुक्त ने बताया कि नागरिक, एन.डी.सी. पोर्टल- ह्वद्यड्डद्धह्म4ठ्ठस्त्र.शह्लद्व पर अपनी सम्पत्ति आई.डी. डालकर उसे स्व प्रमाणित कर सकते हैं। ऐसा करना बहुत आसान है। जैसे ही इसमें डिटेल आएगी, उसे ध्यान से पढ ? के बाद, जो ठीक दिखाई दे, उसे येस करें। सभी बिन्दुओं को येस करने के पश्चात सबमिट करने पर प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो जाएगी। अगर आई.डी. में कोई त्रुटि हो तो, उसे नो करके साथ-साथ आपत्ति दर्ज कर दें।

## संपादकीय

# नैतिकता और सिदान्त की बातें केवल किताबों में

**महात्मा** गांधीजी की किताब (माय एक्सपेरिमेंट विथ ट्रुथ) मेरे सत्य के साथ प्रयोगमें प्रतिपादित बातेंआज वास्तविक जीवन से दूर बहुत दूर होते देखे गए हैं। सत्य और अहिंसा सही मायनों में सामाजिक जीवन से ही वाष्पित हो गए हैं। सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे हो गई है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे ?

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज व देश में अपना परचम फैला चुका है' इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है' प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है' भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है' व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है' समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व'स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में डीपफेक एक बड़ी चुनौती



डॉ सत्यवान सौरभ

> "डीपफेक द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ सबसे पहले विश्वास और प्रतिष्ठा का क्षरण करती है। डीपफेक का इस्तेमाल गलत सूचना फैलाने, प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और सामाजिक अशांति भड़काने के लिए किया जा सकता है। एक बार जब कोई डीपफेक वीडियो वायरल हो जाता है, तो नुकसान को रोकना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि लोग वास्तविक और हेरफेर की गई सामग्री के बीच अंतर करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। व्यक्तियों और समाज के लिए खतरा अब सिर पर आकर खड़ा हो गया है। डीपफेक का इस्तेमाल साइबर बुलिंग, ब्लैकमेल और यहां तक कि चुनावों में हस्तक्षेप करने के लिए भी किया जा सकता है। इसके दुरुपयोग से व्यक्तियों और समाज को नुकसान पहुंचने की संभावना बहुत अधिक है। पता लगाने और जिम्मेदार ठहराने में कठिनाई पहले से ज्यादा बढ़ गयी है"

**डीपफेक** ऐसे वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग हैं, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके हेरफेर किया जाता है, ताकि यह प्रतीत हो सके कि कोई कुछ ऐसा कह रहा है या कर रहा है जो उन्होंने कभी नहीं किया। यह दूरगामी प्रभावों के साथ एक महत्वपूर्ण तकनीकी खतरे के रूप में उभरा है। कहते हैं इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के इस युग में डेटा ही तेल सामान है, मतलब उसका महत्त्व बहुत ज्यादा है, और बिना डेटा के कोई भी काम होना बहुत कठिन हो गया है। जैसे-जैसे डेटा का उपयोग बढ़ रहा है, उसके शोधन के तरीके भी बढ़ रहे हैं, वहीं ऐसी टेक्नोलॉजी भी आ गयी हैं जो आपके डेटा का इस्तेमाल कर कई प्रकार के हैरतअंगेज कार्य कर सकती है। ऐसी ही टेक्नोलॉजी है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जिसने तकनीकी दुनिया को हमेशा के लिए बदल डाला है। गूगल बार्ड जैसे टूल्स आश्चर्जनक जानकारियों का खजाना बन गए हैं, जो रिसर्च,एजुकेशन, प्रोडक्टिविटी को अलग स्तर पर ले गए हैं, वहीं न्यूरल नेटवर्क, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग ने सेल्स, मार्केटिंग, सोशल मीडिया, और एंटरटेनमेंट जैसे क्षेत्रों को बदल डाला है। डीपफेक द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ सबसे पहले विश्वास और प्रतिष्ठा का क्षरण करती है। डीपफेक का इस्तेमाल गलत सूचना फैलाने, प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और सामाजिक अशांति भड़काने के लिए किया जा सकता है। एक बार जब कोई डीपफेक वीडियो वायरल हो जाता है, तो नुकसान को रोकना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि लोग वास्तविक और हेरफेर की गई सामग्री के बीच अंतर करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। व्यक्तियों और समाज के लिए खतरा अब सिर पर आकर खड़ा हो गया है। डीपफेक का इस्तेमाल साइबर बुलिंग, ब्लैकमेल और यहां तक कि चुनावों में हस्तक्षेप करने के लिए भी किया जा सकता है। इसके दुरुपयोग से व्यक्तियों और समाज को नुकसान पहुंचने की संभावना बहुत अधिक है। पता लगाने और जिम्मेदार ठहराने में कठिनाई पहले से ज्यादा बढ़ गयी है। डीपफेक का परिष्कार लगातार विकसित हो रहा है, जिससे उनका पता लगाना और उनका पता लगाना कठिन होता जा रहा है। यह कानून प्रवर्तन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए एक चुनौती है। कानूनी और नैतिक विचार कमजोर पड़ते दिखाई दे रहें है। डीपफेक के उद्भव ने गोपनीयता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सीमाओं के संबंध में जटिल कानूनी और नैतिक प्रश्न खड़े कर दिए हैं। डीप फेक का गलत इस्तेमाल हर क्षेत्र में होने लगा है, लोकतंत्र के लिये खतरा है डीप फेक। डीप फेक लोकतांत्रिक संवाद को बदलने और महत्त्वपूर्ण संस्थानों के प्रति लोगों में अविश्वास फैलाने के साथ ही लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर सकता है। डीप फेक राजनीति और लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकता है, क्योंकि इसमें किसी भी नेता का गलत बयान, भड़काऊ बयान का वीडियो बनाकर वायरल किया जा सकता है, जिससे देश में दंगे हो सकते हैं। डीप फेक का प्रयोग चुनावों में जातिगत द्वेष, चुनाव परिणामों की अस्वीकार्यता या अन्य प्रकार की गलत सूचनाओं के लिये किया जा सकता है, जो एक लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिये बड़ी चुनौती बन सकता है। इस साल की स्टेट ऑफ डीपफेक रिपोर्ट के अनुसार, भारत डीपफेक के मामले में छठा सबसे संवेदनशील देश है।

डीप फेक मतदाता के मन को बदल सकता है।अगर आपने चुनाव के दो दिन पहले तक किसी दल या उम्मीदवार के लिए पक्ष या विपक्ष में वोट करने के मन बना रखा है और इसी बीच उस दल के बड़े नेता या किसी उम्मीदवार का कोई आपत्तिजनक फोटो, वीडियो, या ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है तो ऐसे में मतदाता उस दल या पार्टी को अपने वोट देने के फैसले को बदल सकता है। बता दें कि ब्रिटेन के पिछले प्रधानमंत्री पद के चुनाव में लेबर पार्टी और कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवारों का एक डीप फेक वीडियो सामने आया जिसमें वे एक-दूसरे का समर्थन करते दिखाई दिये, इसी प्रकार भारत में भी 2019 के लोकसभा चुनावों में कुछ राजनेताओं के डीप फेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे जिसे बाद में हटा दिया गया। भारत में डीपफेक के पीड़ितों के लिए कानूनी उपाय देखे तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कानूनी रूप से साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों को संबोधित करने और 36 घंटों के भीतर डीपफेक सामग्री को हटाने के लिए बाध्य हैं। साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए पीड़ित राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) में शिकायत दर्ज कर सकते हैं और साइबर वकील से सहायता ले सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, २००० की सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 जालसाजी और झूठी सूचना के प्रसार सहित साइबर अपराध अपराधों से संबंधित है। कॉपीराइट अधिनियम, १९५७ के तहत यदि डीपफेक में कॉपीराइट सामग्री का अनधिकृत उपयोग शामिल है तो वे कॉपीराइट कानूनों का उल्लंघन कर सकते हैं। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) डीपफेक की प्रकृति के आधार पर मानहानि (धारा-499) और आपराधिक धमकी (धारा-506) जैसे प्रावधान लागू किए जा सकते हैं। डीपफेक से निपटने के लिए उठाए जा सकने वाले उपायों में तकनीकी समाधान सर्वोपरि है। डीपफेक का पता लगाने और प्रमाणित करने के लिए शोधकर्ता एआई-संचालित उपकरण विकसित कर रहे हैं। ये उपकरण डीपफेक सामग्री में सूक्ष्म खामियों का विश्लेषण करते हैं, जैसे चेहरे के भाव या आंखों की गतिविधियों में विसंगतियां। सरकारें और अंतर्राष्ट्रीय संगठन डीपफेक से निपटने के लिए कानूनी और नियामक ढाँचे की खोज कर रहे हैं। इसमें साइबर अपराध के एक रूप के रूप में डीपफेक को परिभाषित करना, रिपोर्टिंग तंत्र स्थापित करना और उत्पादकों और वितरकों को जवाबदेह बनाना शामिल है। सार्वजनिक जागरूकता और शिक्षा के जरिये डीपफेक के प्रभाव को कम करने के लिए जनता को इसके बारे में शिक्षित करना महत्वपूर्ण है। इसमें लोगों को डीपफेक की पहचान करना, हेरफेर की क्षमता को पहचानना और ऑनलाइन सामग्री साझा करने के बारे में सतर्क रहना सिखाना शामिल है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और प्रौद्योगिकी कंपनियों पर डीपफेक से निपटने की ज़िम्मेदारी है। इसमें पता लगाने वाली तकनीकों में निवेश करना, स्पष्ट नीतियां लागू करना और कानून प्रवर्तन के साथ काम करना शामिल है। डीपफेक से निपटने के लिए एआई-आधारित समाधान में चेहरे की हरकतों, त्वचा की बनावट और आवाज के पैटर्न में सूक्ष्म विसंगतियों के आधार पर डीपफेक की पहचान करने के लिए एआई मॉडल को प्रशिक्षित किया जा सकता है। सोर्स कोड वॉटरमार्किंग डिजिटल सामग्री के सोर्स कोड में अद्वितीय वॉटरमार्क-एम्बेडेड करने से डीपफेक की उत्पत्ति का पता लगाने और अपराधियों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। एआई-संचालित तथ्य-जाँच उपकरण (फैक्ट-चेक टूल्स) उपयोगकर्ता-जनित सामग्री (यूजर-जनरेटेड कंटेंट) की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की सहायता कर सकते हैं। मीडिया प्रमाणीकरण मानक कोएलिशन फॉर कंटेंट प्रोवेनेन्स एंड ऑथेंटिसिटी जैसे खुले तकनीकी मानक डिजिटल सामग्री की प्रामाणिकता (ऑथेंटिकेशन) स्थापित करने में मदद कर सकते हैं।

भारतीय चिंतन और अध्यात्म का, विश्वदृष्टि का प्रचार करने के लिए भारत को अपने स्वयं के एआई एल्गोरिदम विकसित करने और प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। एआई पूर्वाग्रह का मुकाबला करने का शायद यही एकमात्र तरीका है। यदि भारत विरोधी ताकतें वास्तव में अपने स्वयं के पूर्वाग्रहों को प्रचारित करने के लिए एआई का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही हैं, तो हमें एआई का अपना संस्करण बनाने की जरूरत है जो भारत समर्थक हो।

कई हित समूहों और हितधारकों द्वारा बढ़ती मध्यस्थता वाली दुनिया में, ज्ञान अब उदासीन नहीं रह सकता है। हमें एआई के निष्क्रिय उपभोक्ताओं और बड़ी तकनीकी कंपनियों की सफेदपोश कार्यबल के रूप में अपनी भूमिका से आगे बढ़ कर सोचना होगा, और लगातार विकसित हो रहे एआई विमर्श में सक्रिय खिलाड़ी बनना ही पड़ेगा।



## कविता

बद गुमानी की ऊँचाइयाँ देर तक
दिल को देती रहीं खाइयाँ देर तक
उस के जिस्मे- मुअत्तर को छू क्या लिया
महका की हैं मेरी उंगलियाँ देर तक
आप की इस इलाके से रुखसत के बाद
सूनी सूनी रहीं बस्तियाँ देर तक
देख कर तेरा बद मस्त जिस्मे- जवाँ
कौंदा कीं कल्ब पर बिजलियाँ देर तक
मैं तो सहरा नुमा था मेरे गिर्द क्यों
रक़्स करती रहीं तितलियाँ देर तक
महफिले- यार फिर भी नहीं मिल सकी
की गईं जादा पैमाइयाँ देर तक
हाय री मुफलिसी कि जवाँ चेहरे की
देखते रह गए झुर्रियाँ देर तक
हिज्र की शब मगर नींद आई नहीं
यादें देती रहीं थपकियाँ देर तक
वो भी दिन क्या भले थे कि माँ बाप की
खाते रहते थे जब झड़कियाँ देर तक

जकी तारिक बाराबंकवी

# क्यों बढ़ रही है देश में आत्म हत्याओं की घटनाएं ?

**मध्य प्रदेश** के उज्जैन में 10वीं क्लास की एक स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली है। लड़के ने कथित तौर पर अपनी अम्मी के दुपट्टे का इस्तेमाल कर फांसी लगा ली। घटना 21 नवंबर की है, जब नाबालिग घर पर अकेला था और उसने दुपट्टे का इस्तेमाल कर फांसी लगा ली। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लड़का सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय था। नागझिरी थाना प्रभारी कमल सिंह गहलोत ने कहा, स्टूडेंट का मोबाइल जब्त कर लिया गया है और इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप से जानकारी जुटाए जा रहे हैं। सुसाइड के पीछे अभी तक कोई ठोस आधार नहीं मिला है।कोटा राजस्थान में लगातार छात्रों द्वारा की जारी रही आत्महत्या की घटनाएं सुनी जा सकती है । दरअसल हमारे देश ही नहीं, पूरी दुनिया में अकेलेपन, अवसाद और आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। बल्कि यूं कहना ठीक होगा कि आत्महत्या एक महामारी का रूप धरती जा रही है। लोग कई वजहों से आत्महत्या करते हैं, ऐसे में अगर उन्हें समय रहते पेशेवर सहायता मिल जाए, दोस्त-परिवार वाले उनकी मदद करें तो हम आत्महत्या के मामलों को कम कर सकते हैं। पिछले साल दुनियाभर में आठ लाख लोगों ने आत्महत्या की और हमारे देश में 1,64,033 ने आत्महत्या करके अपनी जान गंवाई। समाज विज्ञान के जानकारों के अनुसार बढ़ती महंगाई तथा आम आदमी की लगातार घटती कमाई आत्महत्या के मामले बढ़ने का प्रमुख कारण है। दरअसल कमाई कम होने या रोजगार नहीं होने के कारण लोगों में तनाव बहुत बढ़ गया है, जिससे बहुत से मामलों में पारिवारिक क्लेश पैदा होता है और परिणामस्वरूप आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। वर्ष 2016 में जहां आत्महत्या के कुल 1064033 मामले दर्ज हुए थे और 2017 में 1.29 लाख लोगों ने आत्महत्या की थी, वहीं 2017 से 2021 तक ये मामले 26 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 1.64 लाख से भी ज्यादा हो गए। देश में 2021 में महाराष्ट्र में आत्महत्या की सर्वाधिक घटनाएं हुईं। तमिलनाडु और मध्य प्रदेश आत्महत्या के मामलों में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पूरे भारत में ऐसे 1,64,033 मामले दर्ज किए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार ये आंकड़े सामने आए हैं। पेशे या करियर से संबंधित समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत और वित्तीय नुकसान देश में आत्महत्या की घटनाओं के मुख्य कारण हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 2020 में आत्महत्या के कुल 1,53,052 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में सात प्रतिशत अधिक कुल 1,64,033 मामले दर्ज किए गए थे। इसमें कहा गया है कि आत्महत्या की दर में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल देश में महाराष्ट्र में आत्महत्या के सर्वाधिक 22,207 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद, तमिलनाडु में 18,925, मध्य प्रदेश में 14,965, पश्चिम बंगाल में 13,500 और कर्नाटक में 13,056 मामले दर्ज किए गए जो आत्महत्या के कुल मामलों का क्रमशः 13.5 प्रतिशत, 11.5 प्रतिशत, 9.1 प्रतिशत, 8.2 प्रतिशत और आठ प्रतिशत है। श में दर्ज किए गए आत्महत्या के कुल मामलों में से इन पांच राज्यों में 50.4 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। शेष 49.6 प्रतिशत मामले 23 अन्य राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों में सामने आए।

## विचार

# एड्स न फैले ऐसे उपाय अपनाएं

**संपूर्ण** विश्व में 1 दिसंबर को "विश्व एड्स दिवस" मनाया जाता है! इसका उददेश्य पूरे विश्व के लोगों को एकजुट होकर इस बीमारी का मुकाबला करना है। इस बारे में बात करें। इसे फैलने से और एडस से पीडित व्यक्ति की देखभाल करें। भारत में एड्स जैसी जानलेवा बीमारी ने एक समय बच्चों को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया था। इस पर डॉ. कृपा शंकर तिवारी की पुस्तक "एड्स और समाज" में इस खतरे की ओर लोगों का ध्यान खींचा है। पुस्तक के अनुसार भारत में एड्स का पहला मामला 1986 में सामने आया और तबसे लगभग सत्तर लाख लोग एच. आई. वी. संक्रमण की चपेट में आ गये है। पुस्तक के अनुसार कचरा बीनने वाले बच्चे, मजदूर (बाल), असंगठित छोटे उद्योगों में काम करने वाले बच्चे, रेलवे प्लेटफार्मों, बस अड्डों एवं सिनेमा हालों के इर्दगिर्द जमा होने वाले कम उम्र के बच्चे यौन अत्याचार के शिकार होते है। यौन शोषण करने वाले अधिकतर लोग या तो समलैंगिक होते हैं या किसी न किसी नशे की लत के शिकार होते हैं। पुस्तक में कहा गया है कि भारतीय परिस्थिति में एड्स का इलाज करा पाना व्यवहारिक नहीं है। जिसका मुख्य कारण - स्वास्थ्य के प्रति अपेक्षित गंभीरता न होना एवं निर्धनता। इसलिये इस बात की तत्काल आवश्यकता है कि एड्स संक्रमित बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्याओं के लिये निदान केन्द्र खोले जायें। वहीं अच्छे स्वास्थ्य का वातावरण बनाने हेतु व व्यापक पैमाने पर कदम उठाये जायें, यह भी उतना ही आवश्यक होगा कि सरकार के साथ हम गंभीर होना होगा, एवं आम जन को ही एड्स निदान का सार्थक प्रयास करना पड़ेगा। तभी तो एड्स जड़ मूल से समाप्त हो सकेगा अन्यथा नहीं! एड्स महानगरीय सभ्यता की देन है। इसके निदान के लिए भी समुचित इलाज खोज लिया गया है। किंतु आज विश्व अधुनातन परिवेश में सिकुड़कर एक गांव हो गया है। अतः देहातों तक इसका खतरा पहुँच चुका है। फिलहाल तो एड्स की उचित जानकारी रखना ही एकमात्र बचाव है। अतः इससे बचने के क्या उपाय हैं, इसकी जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है।

आधुनिक विश्व में परमाणु बम से ज्यादा खतरा एड्स से हैं। संयम के अलावा वैज्ञानिक साधनो के उपयोग से ही इससे बचा जा सकता है। साथ ही अपने जीवन ऊर्जा का उपयोग सृजनात्मक दिशा में करने से निश्चय ही एड्स ही नहीं बल्कि इस प्रकार की सभी बीमारियों से बचा जा सकता है। एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड एम्युनों डिफिसिवेंसी सिड्रोम है। इस बीमारी में मनुष्य की बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम हो जाती है। फलतः होता यह है कि मनुष्य छोटी से छोटी बीमारी में भी मौत के मुंह में चले जाता है। धीरे-धीरे मनुष्य को एकसाथ कई बीमारी जकड़ लेती है ।मनुष्य के रक्त में श्वेत रुधिर कणिकार्ये होती हैं जो कि मनुष्य को बीमारियों से बचाती है परंतु इस बीमारी में यह श्वेत रक्त कणिकार्ये एकदम कम हो जाती है।एड्स एक अति सूक्ष्म वायरस द्वारा होता है, यह वायरस एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में, नशा करने वालों में, क्योंकि के एक के बाद नशे की सुई लेते हैं, वेश्याओं में, एक से अधिक लोगों से शारीरिक संबंध रखने वालों में, समलैंगिकों में, वहीं बार-बार खून लेने व देने वालों में भी एड्स के जीवाणु फैल सकते हैं। साथ ही एड्स से पीड़ित महिला के पैदा होने वाले बच्चे में भी वह फैलता है। एड्स के जीवाणु शरीर के बाहर 15-20 मिनट में ही मर जाते हैं। 1938 में मनाया गया। उस समय इसका उदेश्य मात्र लोगों में एड्स की अधिकाधिक जानकारी फैलाना और उनमें जागरुकता पैदा करना ही था। बाद में युवाओं द्वारा इस बीमारी की रोकथाम पर ध्यान दिया गया। फिर महिलाओं में बढ़ते एड्स की रोकथाम करने पर ध्यान दिया गया। लेकिन इसके बाद के वर्षों के इस विषय पर अधिकाधिक बातों क समावेश कर इसे जनकल्याणकारी बना दिया गया, जो आज के परिवेश में प्रासंगिक भी है, वरना विश्व स्वास्थ्य के प्रति गंभीर संकट पैदा हो सकता है। एड्स की रोकथाम के प्रति जागरूकता पैदा करने में निम्नतम बातें प्रमुख हैं, जैसे बहुसंख्य शारीरिक संबंधों से परहेज रखना चाहिए।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मुफ्तखोरी ही जन-कल्याण नहीं

रोहित माहेश्वरी

**मुफ्तखोरी** की राजनीति का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश किस तरह आम होती जा रही है, इसका ताजा प्रमाण पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिला। चूंकि जब कोई एक दल ऐसे वादे करता है तो अन्य दल भी वैसा करने के लिए बाध्य हो जाते हैं। इसके बाद उनमें मुफ्त की सामग्री या सुविधा देने की होड़ लग जाती है। एक समय यह होड़ तमिलनाडु तक सीमित थी, लेकिन अब सारे देश में फैल चुकी है और सभी दल उसकी चपेट में आ चुके हैं। राजनीतिक दल लोकलुभावन वादों का यह कहकर बचाव करते हैं कि उन्हें जनकल्याण कहा जाए, न कि मुफ्तखोरी। वे कुछ भी कहें, सच यह है कि उन्होंने जनकल्याण और मुफ्तखोरी के बीच का भेद खत्म कर दिया है। वे ऐसा करने में इसलिए सफल हैं, क्योंकि जो एक के लिए रेवड़ी है, वही दूसरे के लिए जनकल्याण। चूंकि जनकल्याण की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं, इसलिए जिस दल के जो मन में आता है, वह वैसी घोषणा कर देता है।


कई बार तो उनकी ओर से ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है। उदाहरणस्वरूप कर्नाटक सरकार ने दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा करने के लिए बिजली महंगी कर दी। इसी तरह पंजाब सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया। चुनाव जीतने के लिए वित्तीय स्थिति की अनदेखी कर लोकलुभावन वादे करना अर्थव्यवस्था के साथ खुला खिलवाड़ है। इस पर रोक नहीं लगी तो इसके दुष्परिणाम जनता को ही भुगतने पड़ेंगे। मुफ्तखोरी की राजनीति का नैतिक पहलू यह है कि जब राजनीतिक दलों को चुनने की बात आती है, तो यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि किसी पार्टी ने मुफ्त उपहारों के रूप में कितना प्रोत्साहन दिया है, दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि राजनीतिक दल लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए एक प्रकार से रिश्वत दे रहे हैं। इसका आर्थिक पहलू यह है कि राजनीतिक दल, सरकार के खर्चे पर मतदाताओं को मुफ्त उपहार दे रहे, लेकिन क्या यह उस राज्य की आर्थिक स्थिति के लिहाज से उचित है? हाल ही में श्रीलंका में घटी घटना इसका उदाहरण है। जानकारों का मानना है कि श्रीलंका के आर्थिक पतन का कारण वहां के राजनीतिक दलों द्वारा दिए गए मुफ्त उपहार रहे हैं।

# तरह-तरह के ग्राहक

**दुनिया** विभिन्न प्रकार के ग्राहकों से या यूँ कहें कि नमूनों से भरी है, प्रत्येक की अपनी अनूठी विशिष्टताएँ और व्यवहार हैं। एक व्यवसाय स्वामी या कर्मचारी के रूप में, उनके साथ व्यवहार करना मनोरंजक और थका देने वाला दोनों हो सकता है। यहाँ, हम आपके सामने आने वाले कुछ सबसे सामान्य प्रकार के ग्राहकों पर एक विनोदी नजर डालेंगे। एक ग्राहक होता है शिकायतकर्ता। इस ग्राहक के पास शिकायत करने के लिए हमेशा कुछ न कुछ होता है, चाहे वह कितना भी मामूली क्यों न हो। चाहे वह कमरे का तापमान हो, प्रतीक्षा समय हो, या पैकेजिंग का रंग हो, उन्हें शिकायत करने के लिए कुछ न कुछ मिल ही जाएगा। शिकायतकर्ता से निपटने के लिए बहुत धैर्य और अच्छे हास्य की आवश्यकता होती है। अक्सर, सबसे अच्छा तरीका सहानुभूतिपूर्वक सिर हिलाना, बहुत माफी मांगना और उन्हें संतुष्ट करने के लिए छूट या मुफ्त उपहार की पेशकश करना है। दूसरे प्रकार का होता है अधीर। यह ग्राहक हमेशा जल्दी में रहता है और किसी भी चीज के लिए इंतजार नहीं कर सकता। वे कतार में प्रतीक्षा करते समय बेसब्री से अपने पैर थपथपाते हैं, और यदि उन्हें कुछ मिनटों से अधिक इंतजार करना पड़ता है तो वे जोर से चिल्लाते हैं। अधीर ग्राहक से निपटने के लिए दक्षता और गति की आवश्यकता होती है। इन ग्राहकों को खुश रखने और उन्हें और अधिक अधीर होने से रोकने के लिए तेजी से और कुशलता से आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। तीसरे प्रकार का ग्राहक बड़ा शक्की मिजाजी होता है। यह ग्राहक कभी भी अपना मन नहीं बना पाता। वे मेनू या अलमारियों को ब्राउज करते हुए, लाखों प्रश्न पूछते हुए, उम्र बिता देते हैं, और फिर भी यह तय नहीं कर पाते हैं कि उन्हें क्या चाहिए। ऐसा लगता है कि वे कुछ बेहतर खोने के डर से खरीदारी करने से डरते हैं। अनिर्णायक ग्राहक से निपटने के लिए बहुत धैर्य और एक सौम्य मार्गदर्शक हाथ की आवश्यकता होती है। सुझाव देना और उनकी पसंद को सीमित करने में मदद करना एक बड़ी मदद हो सकती है। चौथे प्रकार का ग्राहक होता है झ मिलनसार। यह ग्राहक आपका सबसे अच्छा दोस्त बनना चाहता है. वे आपसे बातचीत करते हैं, आपसे व्यक्तिगत प्रश्न पूछते हैं, और आम तौर पर एक विशिष्ट ग्राहक-कर्मचारी संबंध की सीमाओं का उल्लंघन करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पाथवे इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई चित्रों की प्रदर्शनी



**गुरुग्राम। पाथवे** इंटरनेशनल स्कूल गुरुग्राम में 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसका शीर्षक लिब्रिन्थ ऑफ मिस्टिकल लाइंस रखा है। चित्रकार श्वेता जैन द्वाराआयोजित इस प्रदर्शनी में भिन्न-भिन्न माध्यमों से श्वेता आम जन जीवन से जुड़े दैनिक विषयों को अभिव्यक्त कर रही है। श्वेता जैन की प्रदर्शनी का उद्घाटन पाथवे इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक श्री प्रशांत जैन और डॉ रमेश कंदागीरी ने परंपरागत रूप से दिया जलाकर किया। वैसे तो स्वेता रहने वाली राजस्थान की हैं पर कला की पढाई उन्होने कोलकत्ता के निकट विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय शांतिनिकेतन से की है। एक ओर कम वर्षा वाला राजस्थान और दूसरी ओर अति वृष्टि वाला कोलकत्ता , यह व्यतिरेक आपको उनको चित्रों में भी दिखेगा - कभी हरे भरे पत्तों से भरे नीले आसमान की पृष्टभूमि और कभी बिना बारिश के निढाल सूखे वृक्ष। एक और विषयवस्तु जो आपको स्वेता के इस सृजन में दिखाई पड़ेगा, वह है उनका चिडियोंऔर पशुओं के प्रति अपार प्रेम और एक भावुक मन। अगर आप भी स्वेता की कला से रूबरू होना चाहते हैं तो आप गुरुग्राम के पाथवे इंटरनेशनल स्कूल में 28 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच आकर उनकी कलाधर्मिता को सजीव देख सकते हैं। उनका कला के प्रति समर्पण और कल्पनाशीलता आपको भी रचनात्मकता के नए प्रयोग करने की प्रेरणा देंगे और वृक्षों का एक नया आयाम प्रस्तुत करेंगे।

### डीपी वर्ल्ड ने अपनी तरह की पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस 'सरल' को किया लॉन्च



**नोएडा । वैश्विक स्तर** पर स्मार्ट एंड-टू-एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड ने आज अपनी तरह की पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस 'सरल' की शुरूआत की। इस सर्विस का संचालन सूरत में हजीरा से नॉर्थ कैपिटल रीजन (एनसीआर) के बीच किया जाएगा। 'सरल' का अर्थ है सस्टेनेबल(टिकाऊ), एश्योर्ड(सुनिश्चित), रिलायबल(भरोसेमंद) एंड एजाइल लॉजिस्टिक्स (तेज-तर्रार लॉजिस्टिक्स)। अपने नाम की तरह ही यह सेवा दक्षिण गुजरात में स्थित कंपनियों को डोर-टू-डोर सस्टेनेबल कार्गो सॉल्यूशन प्रदान करेगी और उन्हें एनसीआर क्षेत्र के बाजारों से जोड़ेगी। इसी तरह यह सेवा एनसीआर क्षेत्र की कंपनियों को दक्षिण गुजरात के बाजारों से जोड़ेगी। नई सरल रेल फ्रेट सर्विस दक्षिण गुजरात के प्रमुख बाजारों जैसे सूरत, वापी वलसाड, वडोदरा, भरूच और अंकलेश्वर को एनसीआर एवं आसपास के प्रमुख बाजारों जैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा और दक्षिणी पंजाब से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। ग्राहक सुगमता के साथ वेबसाइट पर ईमेल करके शिपमेंट बुक करा सकते हैं। डीपी वर्ल्ड ने अपने ग्राहकों के लिए फोन बुकिंग की सेवा भी उपलब्ध कराई है। +91 9731835984/ 9606911088 पर 24/7 फोन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सरल सेवा की लॉन्चिंग के मौके पर डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट के वाइस प्रेसिडेंट झ्र रेल एंव इनलैंड टर्मिनल्स अधेंद्रू जैन ने कहा, ह्लवर्तमान समय में दक्षिण गुजरात की कंपनियां कार्गो की आवाजाही के लिए प्राथमिक तौर पर सड़क मार्ग का प्रयोग करती हैं। हमारी नई रेल फ्रेट सर्विस सरल के माध्यम से उन्हें गुजरात एवं एनसीआर के बीच बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ अपने कार्गो को सही तरीके से लाने-ले जाने का माध्यम मिलेगा। इसके साथ-साथ हमारी ट्रैक एंड ट्रेस टेक्नोलॉजी की मदद से उनके लिए अपने ग्राहकों तक कार्गो की पहुंच को ट्रैक करना भी संभव होगा।

### 'जॉब है' और वी ने भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हाथ मिलाया

**गुरुग्राम। जाने-माने** ब्लू-कॉलर रिक्रूटमेन्ट प्लेटफॉर्म और इन्फो ऐज (इंडिया) लिमिटेड की सब्सिडरी 'जॉब है को प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी के साथ साझेदारी करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो युवाओं को नौकरियों के अवसरों के साथ जोड़कर उनके नौकरी ढूंढने के अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। ह्यजॉब हैह्न को वी ऐप पर वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन के साथ इंटीग्रेट किया जाएगा, जिससे भारत के नौकरी ढूंढने वाले युवा, अच्छी नौकरियों से जुड़ सकेंगे। वर्तमान में ह्यजॉब हैह्न के पास पहले और दूसरे स्तर के शहरों जैसे दिल्ली, नोएडा, गुरूग्राम, बैंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, चण्डीगढ़, भोपाल, कोची, पुणे, नागपुर से लाखों से अधिक लिस्टेड वैकेन्सियां हैं।

ह्यजॉब है 50 से अधिक शहरों में 45 से अधिक कैटेगरीज में लाखों स्थानीय नौकरियां उपलब्ध कराता है। इस प्लेटफॉर्म पर विभिन्न जॉब प्रोफाइल रेंज में नौकरियां उपलब्ध हैं जैसे टैलीकॉलर सेल्स, बिजनेस डेवलपमेन्ट, बैक ऑफिस, ग्राफिक डिजाइनर, डिलीवरी, सिक्योरिटी गार्ड आदि। विभिन्न बैकग्राउण्ड के उम्मीदवारों को सहयोग प्रदान करने के लिए ह्यजॉब है डॉट कॉमह्न नो कोस्ट सर्विस देता है और 10 स्थानीय भाषाओं जैसे हिंदी, मराठी, तेलुगु, बंगला, गुजराती आदि में सुलभ है। वी ऐप पर ह्यजॉब हैह्न के इंटीग्रेशन से उम्मीदवार नई सूचीबद्ध नौकरियों का जल्द एक्सेस पा सकेंगे, वे भावी एम्प्लायर्स के साथ जुड़ सकेंगे, इस तरह यह प्लेटफॉर्म उन्हें रिक्रुटर्स के साथ जोड़कर अच्छी नौकरी की संभावना बढ़ाएगा। यह साझेदारी नौकरी के लिए आवेदन करने के मात्र 2 दिनों के भीतर एम्पलॉयर के साथ इंटरव्यू शेड्यूल करने में मदद करेगी।

# मंत्री ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का किया गया सीधा प्रसारण: मेघवाल

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**केंद्रीय कानून** मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बैंयापुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमृतकाल में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्ढ बनायेंगे। प्रधानमंत्री ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 25 वर्षों को अमृतकाल की संज्ञा दी है, जिसमें आजादी के सौवें वर्ष में पहुंचने के साथ ही हम विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का भी सीधा प्रसारण किया गया। बैंयापुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया, जिसमें शामिल हुए केंद्रीय कानूनी मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने गांव के प्रख्यात युवा अंकित बैंयापुरिया को याद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस स्वप्न को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है जो 26 जनवरी तक चलेगी।



शुरूआत झारखंड के खूंटी गांव से की थी, जो आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा का गांव है। आज उन्हें यात्रा में शामिल होने का मौका बैंयापुर से मिला है, जहां आकर उन्हें ज्ञात हुआ कि इस गांव में टीबी के पांच मरीज हैं। इन पांचों मरीजों को गोद लिया हुआ है, ताकि टीबी का उन्मूलन किया जा सके। यह स्वागत योग्य है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समाज सुधार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं जिसमें बदलाव अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यहां एक महिला घूंघट में मिली जिन्होंने बताया कि यह उनके संस्कार है। इस पर उन्होंने राजस्थान की महिला रचना भाटिया का उदाहरण दिया जिन्होंने घूंघटप्रथा को दूर करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक कार्य है जो अपनी इच्छा से किया जा सकता है। इसके लिए रचना भाटिया को यहां आमंत्रित करें तो निःसंदेह जागरूकता व प्रेरणा का संचार होगा। उन्होंने ज्ञानेंद्रियों, कर्मेंद्रियों के साथ शरीर व मन की विस्तृत व्याख्या करते हुए संस्कारों का पाठ पढ़ाया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को संकल्प दिलाया कि वे अपने गांव को विकसित गांव बनायेंगे। हर एक गांव, नगर पालिका, नगर परिषद व नगर निगम को विकसित बनायेंगे, जिससे देश विकसित बनेगा। उन्होंने योग व चंद्रयान की उपलब्धियों का स्मरण कराते हुए कहा कि इस दिशा में तीव्रता से आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने विकसित भारत की कल्पना को समर्पित स्वरचित गीत भी सुनाया, जिसकी रचना उन्होंने मौके पर ही की। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को बदलने का काम किया है, जिससे विकसित भारत के स्वप्न को मजबूती मिली है। आज हर कल्याणकारी योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। राई हलका विधायक एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना से आगे बढ़ रहे हैं, ताकि अंतिम व्यक्ति को भी विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सबका सहयोग अपेक्षित है। हमें सभी सामाजिक बुराइयों को खत्म करते हुए आगे बढ ?ा होगा। प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरणा लेते हुए अच्छा करने का संकल्प लें। इस दौरान उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने केंद्रीय मंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए यात्रा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला की सभी 318 ग्राम पंचायतों में यात्रा जाएगी, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को बेहतरीन सेवाएं देते हुए कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित देश बनाने की राह में हर व्यक्ति योगदान दे सकता है।

## हरियाणा के गठन के बाद पहली बार ऐसा प्रचार कार्य देखने में आया

**पानीपत , कमाल हुसैन**

**हरियाणा आर्य** प्रतिनिधि सभा रोहतक की नई कार्यकारिणी का एक साल पूरा होने पर आर्य बाल भारती विद्यालय में वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप कादियान ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक जसवीर ग्वालडा, मेहताब मलिक और आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओमदत आर्य, प्राचार्य सत्यवान आर्य और वरिष्ठ अध्यापक अनीता, संगीत अध्यापक संदीप, प्रवीण सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे। प्रधान एडवोकेट रणदीप कादियान ने कहा कि यूं तो परिवर्तन प्रकृति का नियम है लेकिन सन 2022 में आज के ही दिन रोहतक में नई कार्यकारिणी ने सेठ राधा कृष्ण आर्य की प्रधानता में कार्यभार ग्रहण किया था। इनके कार्यकाल में जहां रोहतक से संचालित सभी आर्य शिक्षण संस्थाओं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा और विद्यालयों में आशा से अधिक नये छात्रों ने प्रवेश लिया। हरियाणा के गठन के बाद पहली बार ऐसा प्रचार कार्य देखने में आया। आर्य बल भारती परिसर में ही लगभग 5 करोड़ की लागत से 10 बड़े अध्यापन कक्ष और एक प्रशासनिक भवन का निर्माण करवाया जा रहा है और पानीपत के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विधालय में

## 9 दिसंबर को होगा चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन: डीएलएसए सचिव अशोक मान

### राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम करवाएं मामलों का निपटारा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण(डीएलएसए) के सचिव अशोक मान ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में 09 दिसंबर को वर्ष 2023 की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर के अलावा गोहाना, गनौर, खरखौदा न्यायिक परिसर में आपसी सहमति से कसों का निपटारा किया जाएगा।

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने बताया कि दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस केस (धारा 138 एक्ट के मामले), बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों समेत अन्य विभिन्न लंबित वर्गों के मामलों का निपटारा किया जायेगा। जिला एडीआर सेंटर (वैकल्पिक समाधान केंद्र) स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से प्री-लिटिगेशन स्टेज पर विभिन्न बैंकों के बैंक लोन केसों, बिजली, पानी बिल, शिक्षा, इत्यादि जन उपयोगी सुविधाओं से सम्बंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव ने

बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने केसों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाकर आपसी रजामंदी से केसों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा करवा सकता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत केसों का निपटान का सरल व प्रभावी तरीका है।

लोक अदालत समन्धी या अन्य विधिक जानकारी, कानूनी सलाह या सहयता के लिए

के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत में स्वयं आकर यहाँ मौजूद रिटेनर लॉयर्स या पैनल लॉयर्स से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## रेहड़ी फड़ी वाले को पक्का व स्थाई स्थान देना मेरी प्राथमिकता: ओंकार सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) रेहड़ी** फड़ी वालो व छोटे बड़े व्यापारियों के हक की आवाज हमेशा बुलंद करने वाले इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने सब्जी मंडी में पहुंच कर रेहडी-फड़ी वालों की समस्या सुनी और उन्हें उनकी समस्याओं के हल का आश्वासन दिया। हर सुख दुख में रेहड़ी फड़ी वालों का साथ देने का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहाकि मौजूदा सरकार की नीतियों से रोजगार सृजन और व्यापार में कमी आई है। आज आम व्यापारी के पास रोजगार तो है ही नही और अगर रोजगार है



भी ती बजार मे ग्राहक नही है। आज बेरोजगारी

चरम पर है और यदि कोई गरीब व्यक्ति रेहड़ी फड़ी लगाकर अपना रोजगार चलाना चाहता है , अपने परिवार का पेट भरना चाहता है तो सरकारी तंत्र व्यवस्था के नाम पर उसे परेशान करता है।

रोजगार न होने की वजह से देश व प्रदेश का युवा नशे की और प्रेरित हो रहा है।

## राजपूत समाज करेगा भाजपा का बायकाट : सतपाल राणा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**अखिल** भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व महाराणा प्रताप क्षत्रिय सभा पानीपत के वरिष्ठ उप प्रधान सतपाल राणा ने जारी एक ब्यान में कहा कि क्षत्रिय समाज नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के नायब सैनी के सम्मान समारोह पानीपत का बायकाट किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कैथल महिर भोज मामले में राजपूत समाज का अपमान किया है। यही नहीं कैथल में राजपूत समाज के युवाओं पर जो लाठी चार्ज किया गया है वह सब नायब सैनी और उनकी सरकार द्वारा किया गया है।

## 'गरीबों को ढूंढ-ढूंढकर कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ रही है भाजपा'



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत में** अपने अभिनंदन समारोह में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कांग्रेस की गारंटी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार गरीबों को ढूंढ-ढूंढकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस केवल भ्रष्टाचार की गारंटी दे सकती है, जबकि भाजपा विकास की गारंटी के साथ तीसरी बार सरकार बनाने के लिए आगे बढ़ रही है। पानीपत पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के स्वागत में रोड शो निकाला। सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व व्यापारियों तथा आम लोगों ने फूलमालाओं से श्री सैनी का जगह-जगह स्वागत किया। बाइक पर सवार सैंकड़ों कार्यकताओं ने मोदी-मनोहर जिंदाबाद, भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारों से पानीपत को भाजपामय कर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का जोश और आम जन का उत्साह जो देखने को मिल रहा है उससे तय है कि 2024 में मोदी-मनोहर सरकार तीसरी बार बड़े प्रचंड बहुमत से बन रही है।

रोड शो के बाद मंच पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, विधायक प्रमोद विज, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा सहित तमाम बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों ने बड़ी फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा जिले की लगभग 256 सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक व अन्य सम्मानित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का नागरिक अभिनंदन किया। पानीपत की ऐतिहासिक भूमि पर मिले सम्मान पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं पानीपत के हजारों कार्यकताओं और यहां की जनता का सम्मान है।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है।

## सम्मान दिवस समारोह में आएंगे थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय

**टीम एक्शन इंडिया, गुरुग्राम**

**सलवान** एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से 19वां सम्मान दिवस गुरुग्राम शाखा में आयोजित किया जा रहा है। यहां सेक्टर-15 स्थित सलवान स्कूल में 2 दिसम्बर को हो रहे इस कार्यक्रम में थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय सपत्नीक शिरकत करेंगे। यह जानकारी सलवान स्कूल की प्राचार्या रश्मि मलिक ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में दी। प्राचार्या रश्मि मलिक ने कहा कि जो हमारी रक्षा के सूत्रधार हैं। जिनके कंधों पर हमारी रक्षा का भार है, उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमें बच्चों को अपने देश के जांबाज सैनिकों, सैन्य अधिकारियों के जीवन से परिचित कराना चाहिए। बच्चों को यह पता होना चाहिए कि हमारे देश की रक्षा में कितने सैनिकों, अफसरों ने बलिदान दिया है। इस कार्यक्रम में पद्मश्री पुरस्कार से



सम्मानित अजय कुमार मंडावी, अनूप रंजन पाण्डेय, हेमचंद गोस्वामी, नेकराम शर्मा व शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों के अजेय साहस, कर्तव्यपारायणता, निस्वार्थ भाव एवं दृढ़ संकल्प को सम्मानित कर-के सलवान एजुकेशन ट्रस्ट खुद को सम्मानित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पाण्डेय व आर्मी वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा अर्चना पाण्डेय, बेस अस्पताल के मेजर जनरल सीजी मुरलीधरन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम शुभारंभ एनसीसी कैडेट द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर बैंड की धुनों पर दिया जाएगा। मुख्य अतिथि शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। विद्यार्थियों द्वारा चक्रैय आत्मिक शक्ति नामक संगीतमय नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। प्राचार्या ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्वैच्छिक रक्त दान शिविर भी लगाया जाएगा। एकत्रित होने वाला रक्त बेस अस्पताल में भेजा जाएगा। सलवान एजुकेशन ट्रस्ट वर्ष 1995 से यह सम्मान दिवस आयोजित करता आ रहा है।

## जैन भारती मृगावती विद्यालय ने हेरिटेज इंडिया क्विज 2023 के सेमी-फाइनल में जगह बनाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली। ज्ञान की** गंगा के साथ-साथ उत्साह की धारा भी खूब बही, जब जैन भारती मृगावती विद्यालय, नई दिल्ली के विधार्थियों ने एकात्मकता, रणनीति और संयम का प्रदर्शन करते हुए हिस्ट्री टीवी 18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2023 में महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल, दिल्ली में हुए रीजनल राउंड में शीर्ष पर आकर इस क्विज के सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। सीबीएसई द्वारा 2001 में शुरू की गई हेरिटेज क्विज आज अखिल भारतीय स्तर पर इंटर-स्कूल क्विज में एक बेंचमार्क है और विभिन्न प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूलों के प्रतिभाशाली और प्रखर युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। इसकी सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश भर के 2300 से अधिक स्कूलों ने क्विज के लिए पंजीकरण कराया। जी 20 के अध्यक्ष के रूप में भारत की सम्मानित भूमिका के सम्मान में इस वर्ष, क्विज का प्रसंग 'भारतः लोकतंत्र की जननी' रखा गया है। देश भर के छात्रों को शामिल करने और शिक्षित करने के लिए डिजाइन की गई इंटर-स्कूल क्विज का उद्देश्य भारत की महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक यात्रा, इसके उल्लेखनीय इतिहास और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों की विविध छवि के बारे में गहरी सराहना और जागरूकता को बढ़ावा देना है। प्रारंभिक एलिमिनेशन राउंड के बाद क्षेत्रीय राउंड हुए, जहां 24 स्कूलों के 72 छात्रों ने क्विजमास्टर अजय पूनिया के चुनौतीपूर्ण सवालों का सामना किया। जैन भारती मृगावती विद्यालय, नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हुए, आदित्य गौड़, कृति दीक्षित और वंशिका कर्णया की विजेता टीम ने सामंजस्य और टीमवर्क का प्रदर्शन किया जिसने उन्हें शुरू से

## देश में सबसे ज्यादा गन्ने के भाव दे रही है हरियाणा सरकार: रमेश

### आहुलाना चीनी मिल की चेन पर गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ करते हुए सांसद रमेश कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया, गोहाना, (भंवर सिंह)**

**सोनीपत के** सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने कहा कि हरियाणा में गन्ने के भाव देश में सबसे ज्यादा हैं। किसान का जीवन खुशहाल बनाने के लिए भाजपा किसानों के हित के लिए कार्य करती है। दूसरे राज्यों से हरियाणा में गन्ने के ज्यादा भाव हैं। उन्होंने गांव आहुलाना स्थित चौधरी देवीलाल सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथ किया। उन्होंने बटन दबाकर मिल का पेराई सत्र का शुभारंभ किया। उनके साथ सोनीपत जिला उपायुक्त डा मनोज कुमार भी



मौजूद रहे। उन्होंने मिल में नवनिर्मित यार्ड का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिल के एमडी आशीष वशिष्ठ ने की। मंच संचालन केन मनेजर मनजीत दहिया ने किया।

सांसद रमेश कौशिक ने गोहाना एसडीएम एवं मिल के एमडी आशीष वशिष्ठ की प्रशसां करते हुए कहा कि गोहाना का मिल पिछले चार साल से बेहतर चल रहा है। कई बार सोनीपत चीनी मिल का गन्ना भी गोहाना मिल को भेजा जाता है। उम्मिद करते हैं कि इस बार भी मिल सुचारू रूप से चलेगा और चीनी रिकवरी बेहतर होगी। किसान भाई साफ-सुथरा गन्ना लेकर पहुंचे।


उन्होंने लोगों को सलाह दी कि किसान भाई लेबर के भरोसे न रहे। खुद ही खेत में काम करना चाहिए। खेत में खुद काम करने से ज्यादा बचत होगी। लेकिन आज तो मशीनें भी आ चुकी हैं। उन्होंने सबसे पहले बुग्गी में गन्ना लेकर पहुंचने वाले आहुलाना के सुरेंद्र, ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ना लेकर आने वाला किसान माहरा से अमरजीत, मिल में सबसे ज्यादा गन्ना डालने गांव मुंडलाना से विनोद कुमार और साफ-सुथरा गन्ना डालने वाले किसान गांव पाथरी से संजीव, गांव बुटाना सांगवान से राजकुमार, गांव सैनीपुरा से राजेश को सम्मानित किया।

इस मौके पर भाजपा एससी मोर्चा के कथूरा ब्लोक समिति चेयरपर्सन पति प्रदीप मलिक, जिला पार्षद तकदीर नरवाल, जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा, बाबा जसमेर, गोहाना बार एशेशिएशन के अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह आर्य, भाजपा वरिष्ठ नेता बलराम कौशिक, लेखा शाखा अधिकारी जीतेंद्र शर्मा, केन मनेजर मनजीत दहिया, धनीराम शर्मा, अनिल शर्मा, सुरेंद्र नरवाल आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 321 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## जिंदगी के 17 साल छीन रहा प्रदूषण: एक अध्ययन से खुलासा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रदूषण हमारी जिंदगी के 17 साल छीन रहा है। प्रदूषण के कारण सामान्य लोग भी सांस के मरीज बन रहे हैं। इसके अलावा उनमें कई तरह की परेशानी हो रही है। हाल ही में हुए अध्ययन ने इसका खुलासा हुआ है। ऐसे में दिल्ली-एनसीआर में हर साल बढ़ने वाले प्रदूषण स्तर को देखकर विशेषज्ञों परेशान हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि दिल्ली-एनसीआर में यदि इसी तरह हर साल गैस चैंबर जैसी स्थिति बनती है तो हर व्यक्ति इसकी चपेट में आ सकता है।
**एक अध्ययन से खुलासाः** इस बारे में एम्स के डॉक्टरों का कहना है कि पिछले कुछ समय से प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बाद आपातकालीन विभाग में मरीजों की समस्या बढ़ी है। इसमें बच्चे, बुजुर्ग व गंभीर रोगी शामिल हैं। प्रदूषण के कारण इनकी स्थिति गंभीर हुई हैं। एम्स के पल्मोनरी विभाग के डॉ. विजय हड्डा का कहना है कि शिकागो के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि प्रदूषण के कारण लोगों की 17 साल उम्र कम हो रही है। यह एक मॉडलिंग अध्ययन था। इसमें प्रदूषण के अधिक और ज्यादा क्षेत्र में तुलना किया गया। ऐसे में दिल्ली में इसे गंभीरता से लेना होगा। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति काफी गंभीर होती है। यह समस्या पूरे उत्तर भारत में देखी जाती है। प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण ओपीडी में 30 फीसदी तक मरीज बढ़ गए हैं। साथ ही आपातकालीन विभाग में आने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ी है।

# आज से 'आम आदमी पार्टी' का हस्ताक्षर अभियान शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी तथाकथित शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की आशंका के मद्देनजर शुक्रवार से राजधानी में 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान शुरू करेगी। आगामी 20 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में जनता से पूछा जाएगा कि केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने पर उनको इस्तीफा देना चाहिए या जेल से ही दिल्ली सरकार चलानी चाहिए?
आप के प्रदेश संयोजक एवं दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने बृहस्पतिवार को पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हस्ताक्षर अभियान में सरकार के मंत्री, पार्टी के विधायक, पार्षद और पदाधिकारी 2600 पोलिंग स्टेशनों में घर-घर जाएंगे और लोगों से चर्चा कर उनकी राय जानेंगे। इसके अलावा 21 से 24 दिसंबर तक

**अभियान**

**8 हस्ताक्षर अभियान में सरकार के मंत्री, पार्टी के विधायक, पार्षद और पदाधिकारी 2600 पोलिंग स्टेशनों में घर-घर जाएंगे और लोगों से चर्चा कर उनकी राय जानेंगे।**
**8 पार्टी ने एक पंफलेट तैयार किया है, जो घर-घर जाकर लोगों को दिया जाएगा।**

विधायक और पार्षद सभी वार्डों में जनसंवाद करके जनता की राय लेंगे। इस संबंध में मंडल स्तर पर टीमों का गठन किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि पार्टी ने एक पंफलेट तैयार किया है, जो घर-घर जाकर लोगों को




दिया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता लोगों के साथ पंफलेट में कही गई बातों पर चर्चा करेंगे कि आखिर तथाकथित शराब घोटाला फर्जी कैसे है? केजरीवाल को प्रधानमंत्री क्यों गिरफ्तार करना चाहते हैं? क्या प्रधानमंत्री केजरीवाल के काम का मुकाबला कर सकते हैं या नहीं? क्या प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं? आखिर में लोगों से पूछा जाएगा कि अगर गिरफ्तारी होती है तो क्या केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या नहीं देना चाहिए?
**आप को खत्म करने का आरोप**
दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने फर्जी केस बनवाकर मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और संजय सिंह को जेल में डाल दिया है। इसके बाद भी आप को नहीं तोड़ने में कामयाब नहीं होने पर भाजपा ने केजरीवाल को गिरफ्तार कराने का षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया है। दरअसल भाजपा आप को खत्म करना चाहती है। इसी के तहत फर्जी शराब घोटाले का केस बनाकर आम आदमी पार्टी के एक-एक नेता को जेल में बंद करने का सिलसिला शुरू किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने विधायकों व पार्षदों के साथ अलग-अलगग बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने पूछा था कि अगर उनकी गिरफ्तारी होती है तो क्या करना चाहिए। विधायकों ने प्रस्ताव रखा था कि गिरफ्तारी होने पर उन्हें सरकार जेल से चलानी चाहिए। अब आप ने दिल्ली की जनता की राय लेने का निर्णय लिया है।

## राजधानी में फिर से लागू हो सकती हैं ग्रैप-3 की पाबंदियां, एक्यूआई 398 दर्ज

**पांबदियों के संकेत**

**8 अगर यही स्थिति अगले एक-दो दिन और रही तो ग्रैप के चरण-3 की पाबंदियां लगाई जा सकती हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से आयोग क्रमिक कार्रवाई कार्ययोजना (ग्रैप) के तीसरे चरण की पाबांदिया लागू हो सकती हैं। गुरुवार को दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 398 दर्ज किया गया। इस स्थिति को देखते हुए गुरुवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उपसमिति ने समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद आयोग ने जानकारी दी कि स्थिति की निगरानी की जा रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के साथ एक्यूआई के पूर्वानुमान का भी जायजा लिया गया। अगर यही स्थिति अगले एक दो दिन और रही तो ग्रैप के चरण -3 की पाबंदियां लगाई जा सकती हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा उपलब्ध कराए गए शाम 4 बजे के एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) आज 398 दर्ज किया गया। उप-समिति ने कहा कि मौसम विभाग और वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान के अनुसार दिल्ली के औसत एक्यूआई में आज से ही सुधार दिखना शुरू हो जाएगा। इसलिए समग्र वायु गुणवत्ता परिदृश्य और प्रासंगिक पहलुओं की समीक्षा करने के बाद उप-समिति द्वारा सर्वसम्मति से ग्रैप के चरण-क्क्क के तहत कठोर कार्रवाई करने पर निर्णय लिया जाएगा।

## शास्त्री पार्क में रुपयों के विवाद में व्यक्ति को मारी गोली

**पूर्वी दिल्ली।** शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र में रुपयों के विवाद में आरोपित ने अपने मौसा को गोली मार दी। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित मोहम्मद ताजिम परिवार के साथ शास्त्री पार्क बुलंद मस्जिद के पास रहता है। आरोपित मोहम्मद अरसलाम शास्त्री पार्क डीडीए फ्लैट्स में रहता है।
**बेटे के साथ घर लौट रहा था पीड़ितः** पुलिस पीड़ित के बेटे मोहम्मद समीर के बयान पर प्राथमिकी पंजीकृत करके मामले की जांच में जुट गई है। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डा. जाय टिर्की ने बताया कि बुधवार रात करीब 10:30 बजे उन्हें शास्त्री पार्क में किसी को गोली लगने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। पीड़ित अपने बेटे के साथ मोटर साइकिल पर चांदनी चौक स्थित अपनी



स्क्रैप की दुकान से घर लौट रहे थे। शास्त्री पार्क जीरो पुश्ता के पास आरोपित ने अपने मामा इंतजार और कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर पीड़ित पर गोली चला दी। उनकी दाहिनी जांघ में गोली लग गई और वह घायल हो गए।
**जीटीबी अस्पताल में इलाज जारीः** उनके बेटे उन्हें तुरंत जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। अब उनकी हालत खतरे से बाहर है।

## आधे डॉक्टर इस माह के चौथे सप्ताह से रहेंगे अवकाश पर, मरीजों की बढ़ सकती है परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एम्स में इस माह के चौथे सप्ताह से सर्दी की छुट्टियां शुरू होंगी। इस वजह से एम्स में फैकल्टी स्तर के आधे (50 प्रतिशत) डॉक्टर दो चरणों में नौ-नौ दिन के लिए अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान एम्स में इलाज का असल दारोमदार रेजिडेंट डॉक्टरों के ऊपर होगा। फैकल्टी स्तर के डॉक्टरों की मौजूदगी कम होने से मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। मौजूदा समय में एम्स में करीब 715 फैकल्टी हैं। इस माह 23 दिसंबर से अगले माह दस जनवरी तक डॉक्टरों की सर्दी की छुट्टियां रहेंगी। इस दौरान डॉक्टरों को दो चरणों में सर्दी की छुट्टियां रहेंगी। पहले चरण में 23 से 31 दिसंबर के बीच करीब 50 प्रतिशत फैकल्टी स्तर के डॉक्टर अवकाश पर रहेंगे। एक जनवरी को इन डॉक्टरों के ड्यूटी




पर वापस लौटने के बाद दो जनवरी को शेष 50 प्रतिशत डॉक्टर अवकाश पर जाएंगे, जो दस जनवरी तक अवकाश पर रहेंगे।
50% डॉक्टरों को ड्यूटी पर उपलब्ध होना आवश्यक
अस्पताल प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि अवकाश के दौरान फैकल्टी स्तर के 50 प्रतिशत डॉक्टरों को ड्यूटी पर उपलब्ध होना आवश्यक है। एक साथ 50 प्रतिशत से अधिक डॉक्टरों को छुट्टी नहीं दी जा सकती है, लेकिन अभी अवकाश का रोस्टर जारी होना बाकी है।
**डॉक्टर की मौजूदगी का पता लगाकर ही जाएं एम्सः** एम्स की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 13 हजार मरीज की इलाज के लिए पहुंचते हैं।
इसमें से फॉलोअप जांच के लिए पहुंचने वाले पुराने मरीजों की संख्या अधिक होती है। एम्स में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश इत्यादि राज्यों से मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं।

## महापंचायत मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट आज करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में 18 दिसंबर को ऑल इंडिया मुस्लिम महापंचायत के मामले में आयोजकों, दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के बीच कल यानी 1 दिसंबर को बैठक होगी। इस बात की सूचना आज दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट को दी। उसके बाद जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने मामले की सुनवाई कल यानी 1 दिसंबर को करने का आदेश दिया। आज दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि उसे आयोजकों की ओर से वक्ताओं की सूची और आश्वासन मिल गए हैं। हम आयोजकों, स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस इसके प्लान पर 1 दिसंबर को बैठक करने वाली है। तब कोर्ट ने कहा कि आप बैठक कर कोर्ट को बताएं। 1 दिसंबर को शाम तीन बजे सुनवाई होगी। हाई कोर्ट ने 28 नवंबर को मुस्लिम महापंचायत के आयोजकों को निर्देश दिया था।

## जल बोर्ड के एसटीपी घोटाले के खिलाफ भाजपा ने मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** जल बोर्ड के एसटीपी घोटाले के विरोध में दिल्ली भाजपा ने गुरुवार को जलबोर्ड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्न सचदेवा ने कहा कि आज दिल्ली में पानी को लेकर जहां एक तरफ केजरीवाल सरकार ने लूट मचाई है, वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की जनता बदबूदार पानी पीने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि 9 साल से सीवर लाइन डाली जा रही है और तीन बार पेमेंट भी हो चुका है लेकिन काम के नाम पर अभी भी कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 1200 करोड़ रुपये के टेंडर को 1546 करोड़ रुपये में दिया गया और फिर उसे बाद में 1938 करोड़ रुपये कर दिया गया। इस तरह से जलबोर्ड को लूटने का काम केजरीवाल सरकार ने किया है। धरना प्रदर्शन में शामिल रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि एक




दौर में दिल्ली जल बोर्ड 700 करोड़ रुपये के मुनाफे में था लेकिन आज 70,000 करोड़ रुपये के घाटे में हैं। पिछले आठ सालों से सीएजी द्वारा मुख्यमंत्री केजरीवाल को बार बार चिट्ठी लिखने के बावजूद केजरीवाल सरकार ने जल बोर्ड के खाते की जांच तक नहीं करवाई। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा डायरेक्शन दिया गया है कि उसके खाते की जांच हो। बिधूड़ी ने कहा कि आज अपने दोष को छिपाने के लिए केजरीवाल के मंत्री अधिकारियों को दोषी ठहराने में लगे हुए है जो कि सरासर झूठ है।
प्रदेश महामंत्री योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि किसी भी संस्था में हेरफेर का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है कि 6 वित्त वर्ष तक उसके खाते ही न लिखे जाएं, जैसा कि दिल्ली जल बोर्ड में हो रहा है। 2016-17 के बाद से दिल्ली जल बोर्ड के न तो खाते बने हैं और न ही कोई ऑडिट हुआ है।

## घर खरीदने वालों के लिए मौका, डीडीए फ्लैट के लिए जल्द करें रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
24 नवंबर को शुरू हुई 27 हजार फ्लैटों वाली डीडीए की नई पहले आओ पहले पाओ योजना के लिए पांच दिनों में ही 7739 पंजीकरण हो गए हैं। मालूम हो कि योजना के तहत अधिकांश फ्लैट नरेला में हैं। फ्लैट की बिक्री में आया अंतर एलजी वीके सक्सेना के आदेश पर योग्यता में बदलाव और अन्य मानदंडों में ढील देने को लेकर लिए गए फैसले, आगे बढ़कर चलाए गए अभियान से फ्लैटों की बिक्री में काफी अंतर आया है। आवासीय प्रभारी एक अधिकारी का कहना है कि डीडीए पर बिना बिके मकानों का बोझ है, लेकिन नए प्रावधानों से आखिरकार मकानों की बिक्री के मामले में परिवर्तन आता दिखाई दे रहा है।



सक्सेना ने खरीदारों को दूर रखने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को बदलने के लिए लगातार प्रयास किया है। दिल्ली में फ्लैट/प्लाट के मालिकों को डीडीए के फ्लैट खरीदने से अयोग्य बनाने के नियम को खत्म कर दिया गया। साथ ही संभावित खरीदारों के लिए साइट पर जाकर अपनी पसंद की संपत्ति के चयन करने की सुविधा दी गई। इसके अलावा फैसले से आस-पास के दो फ्लैटों को मिलाकर एक बनाने जैसे प्रावधानों से खरीददारों को प्रोत्साहन मिलता प्रतीत हो रहा है।
**मिलेगी यह बेहतरीन सुविधाएं**
इसी तरह फ्लैटों की बिक्री के लिए दिए गए विज्ञापन में आवासीय परिसरों में फ्लैटों के फ्री होल्ड संपत्ति होने, लिफ्ट, पार्क, खेल का मैदान, एसटीपी जैसी सुविधाओं के बारे में प्रमुखता से जानकारी देकर खरीदारों को फ्लैट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
डीडीए द्वारा नियोजित मार्केटिंग एजेंसी के अनुसार, नरेला क्षेत्र के विकास के लिए बनाई गई विस्तृत योजना के तहत विश्वविद्यालय परिसरों, अदालत, जेल परिसरों, अस्पताल का निर्माण और मैट्रो के जरिए कनेक्टिविटी को बढ़ावा देकर क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करने से भी खरीदारों को फ्लैट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# विज ने अपने निवास पर सुनीं लोगों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से न्याय की आस लेकर अंबाला में उनके आवास पर पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो निवासी युवक पहुंचा जिसने बरवाला (पंचकूला) की फर्म पर 25 लाख रुपए धोखाधड़ी के आरोप लगाए। विज बुधवार अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। बुर्किना फासो निवासी युवक ने गृह मंत्री अनिल विज को अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उसे अपने कारोबार के लिए प्रिंटिंग मशीन की जरूरत थी और इसके लिए उसने बरवाला की फर्म से बातचीत की थी। फर्म ने उसे मशीन दिखाई और इसे एक्सपोर्ट करने का वादा किया था। अफ्रीकी देश निवासी युवक का आरोप था कि फर्म संचालकों ने उससे अलग-अलग तारीखों में कुल 25 लाख रुपए बतौर एडवांस लिए, मगर इसके बाद न तो मशीन एक्सपोर्ट की गई और न ही उसे राशि वापस मिली। गृह मंत्री अनिल विज ने पंचकूला पुलिस कमिश्नर को मामले में जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, रेवाड़ी से आए परिवार ने अपने भाई की हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के आरोप लगाए। उनका आरोप था कि हत्या मामले में केवल एक आरोपी को ही पकड़ा गया है, गृह मंत्री अनिल विज ने रेवाड़ी एसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए।

**गृह मंत्री अनिल विज ने हत्या मामले में जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए:** यमुनानगर से आई महिला ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उसके बेटे की हत्या की गई है जबकि सड़क हादसा दिखाकर मामले में कार्रवाई नहीं की जा रही है। उसने बताया कि कुछ युवक उसके बेटे को परेशान कर रहे थे और उसे हत्या का अंदेशा है। गृह मंत्री ने यमुनानगर एसपी को एसआईटी गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए।

**कबूतरबाजी मामले में एसआईटी को गृह मंत्री अनिल विज ने सौंपी जांच:** यमुनानगर से आई महिला ने अम्बाला के बराड़ा स्थित एक एजेंट पर कबूतरबाजी का आरोप लगाया। उसका आरोप था कि उसके बेटे को कनाडा भेजने के लिए एजेंट ने 25 लाख रुपए मांगे जोकि उन्होंने उसे दिए।

इसके बाद उसके बेटे को कनाडा भेजने के बजाए कम्बोडिया भेज दिया गया और कहा गया कि वहां से उसका बेटा कनाडा जाएगा। इसके लिए एजेंट ने और राशि मांगी जोकि उन्होंने नहीं दी। इसके बाद उसका बेटा वापस आ गया। अब एजेंट बराड़ा में अपना आफिस व मोबाइल बंद कर फरार है। गृह मंत्री ने कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को मामले में जांच के निर्देश दिए।

**इन मामलों में भी गृह मंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए:** गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष अंबाला के बाड़ा गांव के पूर्व सरपंच में मीटर रीडिंग में गड़बड़ी होने, अम्बाला निवासी व्यक्ति ने रिश्तेदारों से जमीनी विवाद के चलते राजस्व रिकार्ड को ठीक करवाने, कुरुक्षेत्र निवासी व्यक्ति ने मारपीट मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी करने, कैथल निवासी युवक ने जमीनी कब्जा छुड़वाने बारे एवं अन्य शिकायतें आई जिस पर गृह मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# आर्य युवा समाज मंच द्वारा ऋषि बोध उत्सव पर प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) गत वर्षो** की भांति इस वर्ष भी मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकंडरी विद्यालय के आर्य युवा समाज मंच ने ऋषि बोध उत्सव के अंतर्गत आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत ही उत्साह के साथ किया ।

विदित रहे आर्य समाज दयानंद मार्ग हर वर्ष ऋषि बोधउत्सव के उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है जिसमें वैदिक भजन गीत, आर्य समाज के नियम, भाषण प्रतियोगिता एवं वैदिक प्रश्नोत्तरी जैसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन अंबाला जोन के विभिन्न डी ए वी विद्यालयों द्वारा किया जाता है।

विद्यालय प्राचार्य डॉ राधा रमन सूरी ने बताया कि इसी के अंतर्गत इस वर्ष मुरलीधर डीएवी को वैदिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसमें आर्य समाज दयानंद मार्ग अंबाला शहर के प्रधान श्री जे. एस. नैन मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए। वैदिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अंबाला, बराड़ा एवं नारायणगढ़ के 9 विद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका गौरी वन्दना व राधिका सीकरी ने अथक प्रयास करते हुए आर्य समाज के इतिहास व विभिन्न वैदिक साहित्य की मदद से एक प्रश्न बैंक तैयार करके विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध करवाई । जिसके आधार पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया प्रश्नोत्तरी को कनिष्ठ व वरिष्ठ दो वर्गों में बांटा गया।

नौ टीमों को भक्ति, शक्ति ,युक्ति, सूक्ति, युक्ति, दया करूणा ,प्रेम एवं विश्वास का नाम दिया गया। क्विज मास्टर की भूमिका में गौरी वन्दना एवं राधिका सीकरी ने प्रश्नोत्तरी को बेहद रोचक बनाने का सफल प्रयास किया।

प्राचार्य डॉ राधा रमन सूरी ने स्वामी दयानंद की 200वें वर्षगांठ पर इस वैदिक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से स्वामी श्रद्धानंद महात्मा आनंद स्वामी वहां हंसराज पंडित गुरदास विद्यार्थी जैसी महान विभूतियां को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मुख्य अतिथि जे एस नैन ने स्वामी दयानंद के जीवन के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वैदिक संस्कृति को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। श्री जे. एस. नैन ने इस सफल कार्यक्रम के लिए प्राचार्य व अध्यापकों की को साधुवाद दिया। इस प्रश्नोत्तरी में के. पी. ए. के. महाविद्यालय के वरिष्ठ व कनिष्ठ दोनों वर्ग प्रथम स्थान प्राप्त कर साधुवाद के पात्र बने। कनिष्ठ वर्ग में मेजर आर एन कपूर अंबाला कैंट की टीम द्वितीय व डीएवी मॉडल टाउन अंबाला शहर की टीम तृतीय स्थान पर रही।

वरिष्ठ वर्ग में के. पी. ए. के. महाविद्यालय ने प्रथम, पुलिस डीएवी की टीम ने द्वितीय व सोहनलाल डी ए वी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉक्टर राधा रमन सूरी ने मुख्य अतिथि जस में का हृदय तल से आभार व्यक्त किया व प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी विद्यालयों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

## न्यूज फ्लैश

### 20 ग्राम 10 मिलिग्राम हैरोइन सहित पुलिस ने किये दो आरोपी काबू



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस अधीक्षक** अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना महेशनगर क्षेत्र नजदीक टांगरी पुल अम्बाला छावनी से नशा तस्करी के मामले में 28 नवम्बर 2023 को एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक सत्यवान के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सचिन निवासी दुर्गा नगर अम्बाला शहर वर्तमान पता किरायेदार नजदीक शनि मन्दिर न्यू कालोनी पूजा विहार अम्बाला छावनी व आरोपी तेज प्रताप सिहँ निवासी पूजा विहार थाना महेशनगर अम्बाला छावनी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी तेज प्रताप सिहँ का माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का रिमाड प्राप्त किया। व आरोपी सचिन को माननीय न्यायलय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया। 28 नवम्बर 2023 को एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करते है। सूचना उपरान्त एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना महेशनगर क्षेत्र टांगरी पुल अम्बाला छावनी के पास नाकाबन्दी की। नाकाबंदी के दौरान सन्दिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चैकिंग करते समय आरोपी सचिन व तेजप्रताप सिहँ की विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उनसे 20 ग्राम 10 मिलिग्राम हैरोइन बरामद हुई जिन्हें उपरोक्त हैरोइन सहित गिरफ्तार कर थाना महेशनगर में मामला दर्ज किया गया ।

### ऑटो में सवारी बैठने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा, चालक के बयान पर मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत रेलवे** स्टेशन परिसर में ट्रेन से उतरकर आए यात्रियों को ऑटो में बैठाने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। घायल ऑटो चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जीआरपी ने पीड़ित के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित भूमिगत है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। देव नगर निवासी सुभाष ने बताया किवह ऑटो चलाता है। वह रात करीब तीन बजे स्टेशन परिसर में अपना ऑटो लेकर आया था। स्टेशन के बाहर सवारियों का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान एक ऑटो चालक उसे सवारियों को बैठाने को लेकर झगड़ा करने लगा। तीन लड़कों ने उसे जबरदस्ती ऑटो से उतारकर जमीन पर गिरा दिया। उसके बाद मारपीट करने लगे। भीड़ इक्ट्ठी होती देख हमलावर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक से उपचार करवाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी विकास ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वारदात के बाद से हमलावर फरार है। ऑटो नंबर की सहायता से उनका पता निकाला जा रहा है। जल्द से जल्द हमलावरो का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### दुकान का शट्र व ताला तोड़कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**बहालगढ़** थाना क्षेत्र स्थित दुकान का शट्र व ताला तोड़कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव बहालगढ़ निवासी रामधारी ने बताया कि उसने करीब 20 साल से श्री गणेश के एजेंसी के नाम से दुकान कर रखी है। हर रोज की तरह दुकान को 27 नवंबर देर रात करीब 90 बजे बंद करके चला गया। सुबह आकर देखा तो दुकान का शट्र व ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो 20 पेटी रजनी गंधा, चार पेटी छोटी रंजनी गंधा, चार पेटी तुलसी, एक पेटी छोटी रंजनी गंधा गायब मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# कमीशन का झांसा देकर व्यक्ति से लाखों रुपये की राशि ऐंठी

## पीड़ित को टिकट बुक करवाने का कमीशन देने का झांसा देकर दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**ऑनलाइन टिकट** बुक करवाने व कार्य करने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। ठगों ने पीड़ित व्यक्ति ने करीब 20 लाख रुपये की नकदी ऐंठने की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिनन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गोहाना निवासी अजीत सिंह ने बताया कि गत 18 नवंबर को उसके टेलीग्राम एक मैसेज आया। उसे टेलीग्राम पर ऑनलाइन काम करने को कहा। इसके साथ उसे काम के बदले कमीशन देने के बारे में कहा गया। इसके बाद उसके टेलीग्राम पर मैसेज आया। आरोपित लड़की ने उसे काम व कमीशन के बारे में बताया। इसके उसके टेलीग्राम पर एक लिंक भेजा। उसे टेलीग्राम ग्रुप में एड करवा दिया। ग्रुप का नाम कम लेटस फ्लाई 13014 है। इसके बाद आरोपितों ने टेलीग्राम पर लिंक व फोटो भेजकर काम शुरू करने को कहा। काम में उसे इस लिंक पर खोल कर टिकट रिजर्वेशन करना था। इसके बदले उसे प्रति टिकल कमीशन मिलना था। उसे हररोज 81 टिकट रिजर्वेशन करनी थी। एक स्लॉट में 27 टिकट होती थी और उसका कमीशन मिलना होता था। आरोपितों ने उसकी आईडी बनवा दी और लिंक पर क्लिक करके ओपन करने को कहा गया। आरोपितों ने उसके लिंक वाले अकाउंट में 1000 रुपए ट्रायल बैलेंस डाल दिया। 81 टिकट बुक की, जिसके एवज में 800 रुपए का कमीशन मिला। इसके बाद आरोपितों ने मुझे अपना बैंक अकाउंट एड करने को कहा। उसे आगे कार्य करने को कहा, आरोपितों ने झांसा दिया कि अगर अब आप को ऐसे कमीशन कमाना है तो आगे के कार्य के लिए कम से कम 10000 रुपए आपको अपने वर्किंग अकाउंट में डालने होंगे। आप जितना ज्यादा से शुरू करोगे उतना ही ज्यादा कमीशन कमा पाओगे। 20 नवंबर को 10000 रुपए ट्रांसफर हुए, उसे इसके बदले 19000 रुपए वापिस भेजे।

# ट्रेन के कैटल गार्ड में फंसी नील गाय, रेलवे यातायात रहा बाधित

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली-अंबाला** रेलमार्ग पर अजमेर से जम्मू जाने वाली पूजा एक्प्रेस गाड़ी संख्या 12413 पूजा एक्सप्रेस के कैटल गार्ड में मंगलवार देर रात नीलगाय फंस गई। हादसा राजलू गढ़ी स्टेशन के पास हुआ। जिससे कई ट्रेनों के पहिये भी थमे रहे। पूजा एक्सप्रेस के मुख्य लाइन पर रुकने से करीब डेढ़ घंटे तक रेलवे यातायात बाधित रहा। जिससे कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने नीलगाय को ट्रैक से हटवाकर रेलवे यातायात को सूचारू करवाया। राजलू गढ़ी स्टेशन पर मंगलवार रात करीब 10:30 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा से दिल्ली की तरफ जा रही गाड़ी संख्या 12920 मालवा एक्सप्रेस से नील गाय टकरा गई थी। ट्रेन की टक्कर से नील गाय अप लाइन पर जा गिरी थी। जो अप लाइन पर दिल्ली की तरफ से आ रही पूजा एक्सप्रेस के कैटल गार्ड में फंस गई। जिस कारण ट्रेन को रोकना पड़ा।

पूजा एक्सप्रेस के मुख्य लाइन पर रुकने से पीछे आ रही अन्य ट्रेनों को भी अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ा कर दिया गया। जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। रेलवे अधिकारियों की मानें तो पूजा एक्सप्रेस के रुकने से दुरंतो एक्सप्रेस, होशियारपुर एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों को भी रोकना पड़ा।

# किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा

## अदालत ने दोषी पर 60 हजार रुपये जुमार्ना लगाया, अदा न करने पर डेढ साल की अतिरिक्त सजा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर थाना** क्षेत्र में पड़ोसी में रहने वाली नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्ति जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 60 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को डेढ़ साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं जुमार्ना राशि से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है। गन्नौर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने 25 मई, 2022 को पुलिस को शिकायत दी थी कि उनके पति वाहन चलाते है, और वह भी काम पर जाती है। उन्होंने बताया था कि उनके पास 15 साल की बेटी व एक छोटा बेटा है। उनकी बेटी कई दिन से गुमसुम रहती थी। वह अक्सर पेट दर्द की शिकायत देती थी। जिस पर वह बेटी को दवा दिला देती थी। बेटी के अक्सर गुमसुम रहने पर 25 मई, 2022 को जब उन्होंने व उनके पति ने बेटी से आराम से पूछा था तो उसने बताया था कि पड़ोस में रहने वाला सुनील उसके साथ गलत काम कर चुका है। वह अक्सर उनके घर आता था। 10 अप्रैल, 2022 को जब मां घर पर नहीं थी तो आरोपित ने उसके साथ उनके घर में ही गलत काम किया था।

# ढ़ाबे के सामने से कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में स्थित ढाबे के सामने से कार चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। गांव सोहटी हाल में शांति विहार निवासी पुष्पेंद्र ने बताया कि उसके पास सफेद कलर की गाड़ी है। वह उसे लेकर किसी काम के लिए राम कॉलोनी में गया था। गाड़ी को बंगाली ढाबे के सामने खड़ी करके अदंर सामान लेने के लिए चला गया।

# सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी को बनाया हवस का शिकार

## पिता की मौत के बाद मां ने की थी नौ साल पहले दूसरी शादी, सौतेले पिता के पास रहती थी नाबालिग, शादी का रिश्ता पक्का किया तो आरोपित पिता बनाने लगा दबाव

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर थाना** क्षेत्र में सौतले पिता ने नाबालिग बेटी को हवस का शिकार बना लिया। नाबालिग लड़की आरोपित के बच्चे की मां बन गई। करीब तीन माह का बच्चा है। लड़की की मां उसकी शादी करने लगी तो आरोपित उस पर दबाव बनाने लगा। पीड़ित लड़की ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित राजू निवासी बुंलदशहर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

एक लड़की ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसके पिता पप्पू की करीब 18 साल पहले मौत हो गई थी। उसके मामा ने उसे गौद ले लिया था। करीब नौ साल पहले उसकी मां ने राजू निवासी बुलंदशहर के साथ शादी कर ली। उसके बाद वह अपनी मां के साथ रहने लगी। लड़की ने बताया कि हाल में उसकी आयु 17 वर्ष है। जब वह 14 साल की थी उसका सौतेला पिता राजू ने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। उसके बाद वह उसके साथ गलत काम करता रहा। करीब एक साल पहले वह सोनीपत शहर थाना क्षेत्र में आकर रहने लगे। उसने करीब तीन माह पहले बच्चे को जन्म दिया। पीड़िता ने बताया कि वह उसकी मां उसकी शादी करने लगी। उसकी मां दिव्यांग है। उसका सौतेला पिता इसका विरोध करने लगे। मामले को लेकर उसने पुलिस को अवगत करवाया। मां दिव्यांग, नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म-

जानकारी मिली है कि आरोपित सौतेला पिता नाबालिग से मारपीट करता रहता था। नाबालिग की मां दिव्यांग बताई जा रही है। बेटी की दूसरी जगह शादी करना चाहती थी, लेकिन आरोपित उसकी शादी करने से नाराज था।

# मेयर निखिल मदान के कार्यालय में जन सुविधा केंद्र की हुई शुरूआत

## नगर निगम द्वारा वासियों को परिवार पहचान पत्र, बीपीएल राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनवाने और उनमे संशोधन करवाने से संबंधित सभी सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**वीरवार सुबह** नगर निगम मेयर निखिल मदान के सेक्टर 14 कार्यालय (नजदीक सक्सेना हस्पताल, टी पी स्कीम) में आम जन की सुविधा के लिए जन सुविधा केंद्र की शुरूआत की गयी। मेयर निखिल मदान ने बताया कि इस जन सुविधा केंद्र में नगर निगम सोनीपत निवासी अपने परिवार पहचान पत्र (फॅमिली आई डी), बीपीएल राशन कार्ड,आधार कार्ड ,आयुष्मान कार्ड,मतदाता पहचान पत्र,जाति प्रमाण पत्र ,रिहायशी प्रमाण पत्र,पैन कार्ड ,आय प्रमाण पत्र के नए आवेदन और विवरण में संशोधन करने से संबंधित सभी सुविधाओं का नि:शुल्क लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही नए मतदाता अपने पहचान पत्र का आवेदन भी नि:शुल्क कर सकेंगे।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम और प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उपरोक्त सभी दस्तावेज बेहद जरुरी है। कई बार उपयुक्त व्यक्ति जानकारी के अभाव में उपरोक्त सेवाओं से वंचित रह जाता है। लोग बार बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर ना काटें,इसलिए उन जरूरतमंद लोगों की सुविधा के लिए उनके द्वारा निजी तौर पर यह जन सुविधा केंद्र शुरू किया गया है। क्षेत्रवासी इस जन सुविधा केंद्र पर सोमवार से शनिवार, समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपने किसी भी कार्य को नि:शुल्क करवा सकते है।

# साइबर ठगी: साइबर ठगों ने झांसे में लेकर आरपीएफ के जवान से ठगी लाखों रुपये की राशि

## आस्ट्रेलियां में दोस्त की आवाज निकालकर अलग-अलग खातों में जमा करवाएं रुपये, साइबर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**साइबर थाना** पुलिस के सामने आरपीएफ के जवान से लाखों रुपये की नकदी ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। ठगों ने ऑस्ट्रेलिया से दोस्त बनकर बात की ओर पैसों की मांग की। खाते में डॉलर डालने की फर्जी रसीद डालकर रकम ठग ली। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव महमूदपुर गोहाना निवासी संजू ने बताया कि वह आरपीएफ में एसआई के पद पर कार्यरत है। हाल में उसकी पोस्टिंग पंजाब में है। वह गत 22 नवंबर से 29 नवंबर 2023 तक घर पर छुट्टी आया है। उसका दोस्त हर्ष ऑस्ट्रेलिया में रहता है। 22 नवंबर को उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक नंबर से काल आई। कॉलर ने कहा कि वह उसका दोस्त हर्ष बोल रहा है। संजू ने बताया कि उसको आवाज जानी- पहचानी लगी। इसके बाद दोस्त बनकर बात कर रहे ठग ने कहा कि उसको पैसों की जरूरत है। उसने तुरंत उसे कहा कि उसके पास पैसे नहीं है। इसके बाद आरोपित ने कहा कि आप मुझको खाता नंबर दो, मैं आपके खाता में डालर डाल रहा हूं। ठग ने कहा आपको रुपए इंडिया में मिल जाएंगे। फिर उसने अपने पिता का खाता नंबर भेज दिया। इसके बाद आरोपित ने उसके व्हाट्सएप नंबर पर अलग अलग पैसे जमा करने की फर्जी रसीद भेजी। इसके बाद उसके पिता के नंबर पर पैसा जमा करवाने बारे काल आ जाती, जिस बारे में उसके पिता ने जानकारी दी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अभिनंदन रोड़ शो में जेब कतरों का आंतक

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर थाना** क्षेत्र के गोहाना सड़क मार्ग पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अभिनंदन रोड शो में चोरों का आंतक देखने को मिला। चोरों ने कई लोगों की जेब पर हाथ साफ कर दिया। जेब काटकर भाग रहे चोरों को भीड़ ने चार संदिग्धों को पकड़ लिया। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपितों को काबू कर लिया। आरोपित पलवल के बताएं जा रहे है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वेस्टराम नगर निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के अभिनंदन रोड शो में शामिल होने के लिए गोहाना रोड बाईपास पर पहुंचा था। यहां समर्थकों की काफी भीड़ थी। इस भीड़ में उसकी जेब से चोरों ने पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 14 हजार रुपए व कई अहम दस्तावेज थे। तभी उसे सुनील ने बताया कि उसकी जेब से भी पर्स चोरी कर लिया गया। इसके बाद सबको अलर्ट किया तो आरोपी भीड़ में भागते दिखे। तभी पब्लिक ने आरोपितों को पकड़ लिया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के फतेहपुर बिल्लौच गांव से विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

**सम्मानित**

**8 मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान झारखंड के देवगढ़ स्थित एम्स से 10 हजार जन औषधि केंद्रों और प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ किया, जिसका उन्होंने नमो ड्रोन दीदी का नाम दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा 15 नवंबर से शुरू की गई थी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जन औषधि केंद्रों से गरीबों को सस्ती दवाइयां मिलेंगी। अच्छी दवा-अच्छी सेवा ही जन औषधि केंद्र का मूल उद्देश्य है। भविष्य में जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 25 हजार की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यात्रा मोदी की गारंटी वाली गाड़ी है। लोग अधिक से अधिक इस से जुड़े, ताकि उन्हें सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं की जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में फरीदाबाद के बिल्लौच गांव में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को रवाना किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, नयनपाल रावत और श्रीमति सीमा त्रिखा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा गांव से सरपंच और जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित थे।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को दिए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबोधन को सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरियाणा में जनसंवाद कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। जिसकी शुरूआत आज फरीदाबाद जिला के फतेहपुर बिल्लौच गांव से की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। लोगों को योजनाओं के बारे में भी अवगत कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं। प्रदेश में लगभग 40 हजार स्वयं सहायता समूह हैं। एक सहायता समूह में कम से कम 10 महिला सदस्य होती हैं, जो अपनी प्रतिभा से अच्छे उत्पाद पैदा करती हैं।

इन स्वयं सहायता समूहों को प्रदेश

# आइडियाथॉन हरियाणा 2023 में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें युवा: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा कौशल विकास मिशन द्वारा विगत आइडियाथॉन हरियाणा 2023 का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य हरियाणा के आईटीआई, एचएसडीएम प्रशिक्षण केंद्रों, पॉलिटेक्निक कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आम जनता के बीच उद्यमशीलता और स्टार्टअप विचारों को बढ़ावा देना और प्रज्वलित करना है। यह प्रदेश के नागरिकों (डोमिसाइल) के लिए एक विशेष टेक ऑनलाइन इवेंट है जिसमें 4 लाख से अधिक तक की पुरस्कार राशि प्रदेश के 21 विजेताओं को दी जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने



आगे जानकारी देते हुए बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम में हरियाणा के युवाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का उचित प्लेटफार्म दिया जाता है, जिससे वे अपनी रचनात्मकता और कौशल का उपयोग नवीन समाधान खोजने, वैश्विक चुनौतियों का सामना करने और वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए प्रोटोटाइप या समाधान विकसित करने के लिए कार्य करने में सक्षम बन पाए। इस प्रतियोगिता मे कृषि, किफायती और स्वच्छ ऊर्जा, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उभरती तकनीक, हेल्थटेक, क्लीनटेक, गतिशीलता, शिल्प और स्थिरता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, उपभोक्ता और उद्यम प्रौद्योगिकी और अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण जैसी 12 श्रेणियां हैं जिनमें प्रतिभागी अपने विचार प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रतिभागियों को या तो टीम के रूप में या किसी एकल व्यक्ति के रूप में कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने की आवश्यकता है और फिर अपने विचारों को 5 से अधिक स्लाइडों के पिच डेक और 2 मिनट के वीडियो पिच के साथ जमा करना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने देसी शराब की 38 बोतल के साथ किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**



डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ कप्तान सिंह की टीम ने शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विनोद है आरोपी संतोष नगर सराय ख्वाजा का रहने वाल है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से एनएचपीसी चौके के पास से जुपिटर स्कूटी सहित काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी शराब की 37.5 बोतल मार्का मस्ताना बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में अवैध शराब तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आ ?ा कि आरोपी मजदूरी का काम करता है और नशा करने का आदी है। आरोपी ने पैसे कमाने के लालच में आकर ठेको से शराब की पेटी खरीद ली थी औ? शराब को फुटकर में बेचकर पैसे कमाना चहाता था। आरोपी पर पूर्व में भी 3 मामले शराब तस्करी के दर्ज है। आरोपी शराब को करीब 4500/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी के साथ नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

### मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, एक मोटरसाइकिल बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

स्पेशल स्टाफ असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी जतिन पुत्र सतीश वासी वार्ड नंबर 15 सफीदों जींद को कस्बा असंध से और आरोपी प्रवेश पुत्र सतबीर वासी निडाना को बस अड्डा निडाना से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों ने 20 नवंबर को शिकायतकर्ता मेजर सिंह वासी डेरा फूला सालवन रोड की मोटरसाइकिल स्कूल ग्राउंड असंध से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले की आगामी जांच में पाया गया कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी है, जो कि जल्दी अमीर बनने के लालच में चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों के खिलाफ पहले भी करीब तेरह मुकदमें भिन्न-भिन्न चोरियों के दर्ज है। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### यातायात नियमों की उल्लघंना करने वालों के खिलाफ चलाया गया अभियान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

जिला पुलिस महानिरीक्षक हाईवे एंव यातायात हरियाणा हरदीप सिंह दून के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा वीरवार को लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ स्पैशल अभियान चलाया गया।

सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला पुलिस के एसएचओ थाना हाईवे सुरेश नरवाल की अध्यक्षता में लेन चेंज ड्राईविंग (बॉई लेन) के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश देते हुऐ कहा कि सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 के तहत बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघना करने पर वीरवार को 250 वाहन चालकों के चालान किये गये।

जिला ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है।

## तेज रफ्तार पिकअप ने 5 लोगों को रौंदा, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

परशुराम चौक के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने सडक पर खड़े 5 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 4 घायल हो गए। जिस व्यक्ति की मौत हुई, उसकी पत्नी रेहड़ी पर सब्जी ले रही थी। हादसे के बाद हर तरफ अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घायलों को संभाला और उन्हें उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में दाखिल करवाया। घटना की सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गुरुवार दोपहर को मृतक निर्मल सिंह निवासी मेला ग्राउंड का पोस्टमार्टम किया गया।

# विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री की राष्ट्रद्रव्यापी आउटरिच पहल

**आयोजन**

**8 विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के तहत गांव रायसन में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के तहत वीरवार को गांव रायसन के सामुदायिक केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर की गरिमामई उपस्थिति रही।

इस मौके पर मुख्यातिथि और



अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल और हेल्प डेस्क का अवलोकन किया गया। गांव की तरफ से मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों को पगड़ी व शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी को संकल्प शपथ भी दिलवाई गई। कार्यक्रम में सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश वीसी के माध्यम से देखा व सुना।

विधायक रामकुमार कश्यप ने उपस्थित ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रद्वव्यापी आउटरिच पहल है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चत करना है। यह यात्रा देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गो विशेषकर वंचित वर्गो तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि जो लाभार्थी किन्ही कारणों से वंचित रह गए है, उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस यात्रा के माध्यम से युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार व अन्य स्कीमों की जानकारी दी जाएगी। अगर किसी का आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता या अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं बनी है तो उसका पंजीकरण किया जाएगा। विधायक ने कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति के पास भी रहने के लिए कम से कम एक ठीक ठाक मकान अवश्य होना चाहिए। इसलिए मकान की मरम्मत के लिए डॉ० बी०आर० अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना चलाई जा रही है, इस योजना का दायरा बढ़ाकर इसमें उन सभी वर्गो के परिवारों को शामिल किया है, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए तक है।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव मलिक ने ग्राम संरक्षण योजना के संबंध में की बैठक की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने आज बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में ग्राम संरक्षण योजना के संबंध में बैठक की अध्यक्षता की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों द्वारा गोद लिए गांवों के विकास और बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहाकि गोद लिए गांवों में संबंधित अफसर न केवल विकास की योजनाएं तैयार करें, बल्कि बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना भी उनकी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने



कहा, "उन्हें महीने में कम से कम एक बार अपने गोद लिए गांव का दौरा करना होगा और उसके विकास की निगरानी करनी होगी। सरकार राज्य के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ लोगों की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी ना छोड़ी जाए। समीक्षा बैठक में पुलिस आयुक्त राकेश आर्या, डीसी विक्रम सिंह, एसडीएम फरीदाबाद परनजीत चहल, एसडीएम बड़खल अमित मान, सीटीएम हरिराम सहित कई मौजूद थे।

## युवक को क्रेट गाड़ी बेचने का झांसा दे सवा पांच लाख हडपे

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

गांव लुदाना के एक युवक के साथ क्रेटा गाड़ी बेचने के नाम पर सवा पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने गुरुवार को तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव लुदाना निवासी रोहताश ने बताया कि उसने पंजाब के संगरूर निवासी जगदीश उसके गांव में आता जाता रहता था और वह गाडियों की खरीद.बेच का काम करता था।

# मानव रचना पहुंचे जर्मनी के 30 छात्रों ने भारतीय संस्कृति और शिक्षा के बारे में जानकारी पाई



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) के स्कूल ऑफ लीडरशिप एंड मैनेजमेंट (एसएलएम) स्नातकोत्तर विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पहल के तहत इंडो-जर्मन मीट का आयोजन हुआ। मानव रचना इंटरनेशनल एक्सचेंज सेंटर (एमआरआईईसी) की ओर से कराए गए इस कार्यक्रम में फ्रैंकफर्ट, जर्मनी स्थित इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉलेज (आईएमसी) से 30 छात्रों का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा। इसके साथ ही संस्थान में एसएलएम पीजी से 50 छात्रों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर सम्मानित अतिथि फ्रैंकफर्ट जर्मनी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट, एजुकेशन एंड कल्चर और इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉलेज के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर डॉ. रेने रूथ पहुंचे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमबीए और बिजनेस कोच सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक, आईएमईसी डॉ. टॉर्स्टन नेट्जर शामिल हुए। इनके साथ संस्थान से डीन एसएलएम पीजी श्री राजीव कपूर और निदेशक व एचओडी एसएलएम पीजी डॉ दीप्ति डबास हजारिका उपस्थित रहे। आईएमईसी बिजनेस परामर्श, बिजनेस ट्रेनिंग सहित एजुकेशनल बिजनेस ट्रिप का आयोजन कराता है। इंडो जर्मन मीट के तहत दोनों देशों के छात्रों को एक-दूसरे की संस्कृति, शिक्षा, खानपान और रहन-सहन के बारे में नजदीक से जानने मौका मिला। इस कार्यक्रम के तहत परिसर में जर्मन छात्रों को हाइब्रिड पाठ्यक्रम कराने, स्टूडेंट एक्सचेंज का?क्रम के तहत एसएलएम पीजी छात्रों को आईएमसी का दौरा कराने, संस्थान में आईएमसी के साथ मिलकर शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू करने को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के समापन पर छात्र कल्याण विभाग से सुरतरंग सोसायटी के छात्रों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की खूबसूरत प्रस्तुति देकर समां बांधा।

# फरीदाबाद पुलिस के 13 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार आज फरीदाबाद पुलिस परिवार के 13 सदस्यों का सेवाकाल पूर्ण होने उपरांत विदाई समारोह का आयोजन पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21उ में किया गया। इस अवसर पर डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, वेलफेयर इंस्पेक्टर सत्यवीर, सब इंस्पेक्टर महेश सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभी ब्रांच के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत्ति पाने वाले सदस्यों के परिजन भी उपस्थित



रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग के सेवानिवृत्ति पाने वाले इंस्पेक्टर सुरेन्द्र, रतन सिंह, उप निरीक्षक विरेन्द्र सिंह,चन्द्रसेन, महेन्द्र सिंह, प्रताप, शिवकुमार,छत्तर सिंह,भीम सिंह,नन्दकिशोर, सहायक उप निरीक्षक बिजेन्द्र तथा मुख्य सिपाही होशियार और आनन्द सिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। डीसीपी अभिषेक जोरवाल ने कहा कि सालों तक देश सेवा करने के पश्चात अब इन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति मिल रही है ताकि यह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक और खुशी से अपना जीवन व्यतीत कर सकें। पुलिस विभाग में कार्यरत रहकर पुलिस कार्यों में अपना योगदान दिया और समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इन्होंने पुलिस विभाग में सालों तक कार्यरत रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया। इनकी कड़ी मेहनत और तपस्या के लिए वह इनका इनका धन्यवाद करते हैं। डीसीपी ने सेवानिवृत्ति पाने वाले सभी सदस्यों को भेंट स्वरूप उपहार देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# भाजपा सरकार में किसी भी विभाग का मंत्री अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नहीं कर रहा : अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने वीरवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खट्टर सरकार पैरालिसिस की स्थिति में है और प्रदेश के लोगों का समर्थन खो चुकी है। इसलिए किसी भी विभाग का कोई भी मंत्री अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर ने 22 जिलों जनसंवाद कार्यक्रम किए, उसमें नगर निगम से 1694 शिकायतें मिली उनमें से 1532 शिकायतें अभी तक पेंडिंग हैं। जब सीएम खट्टर जनसंवाद के लिए गए तो लोगों में उम्मीद जगी कि उनकी जो फाइलें सरकारी दफ्तरों में अटकी हुई हैं उनका कुछ समाधान निकलेगा, लेकिन लोगों की शिकायतों को कोई



समाधान नहीं हुआ। इसका मतलब मुख्यमंत्री खट्टर का जनसंवाद पूरी तरह से फेल हो गया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल 83 हजार बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवा चुके हैं, उनकी नकल करके जब हरियाणा में अमित शाह आए तो उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की घोषणा की, लेकिन नकल के लिए अकल की जरुरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अनाउंस होने के बाद पंजाब सरकार की तरफ से तीर्थ यात्रा के लिए ट्रेन रवाना कर दी और अगले 95 दिनों में 53 हजार पंजाब के बुजुर्ग तीर्थ यात्रा पर जाएंगे। जबकि हरियाणा में एक भी तीर्थ यात्री खट्टर सरकार की अनाउंस की गई योजना में तीर्थ दर्शन करने के लिए नहीं गया है और न अभी तक कोई योजना है कि कब भेजेंगे। यानी केंद्रीय गृह मंत्री की मौजूदगी में हुई घोषणा के बाद भी हरियाणा सरकार योजना को जमीन पर लागू नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि अब लोगों का समर्थन सरकार के साथ नहीं है, इसलिए सरकार मानसिक रुप से दबाव में है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर ने घोषणा की कि एक लाख 80 हजार तक वार्षिक आय वाले परिवार की बेटियों को कॉलेज में मुफ्त शिक्षा देंगे और जिनकी 1 लाख 80 हजार से तीन लाख तक वार्षिक आय है उनको फीस में 50% छूट दी जाएगी। आम आदमी पार्टी ने तब भी कहा था कि ये योजना नही केवल घोषणा है, इसमें होगा कुछ नहीं। क्योंकि मुफ्त शिक्षा का अधिकार सबको है, यदि कोई गरीब लड़का पढ़ना चाहता है तो क्या उसको मुफ्त शिक्षा का अधिकार नहीं है? इसे लड़कियों तक सीमित क्यों किया गया और इसमें 1 लाख 80 हजार की कैप क्यों लगाई? उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का मानना है कि मुफ्त शिक्षा सबका अधिकार है और आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर हरियाणा में पैदा हुए हर बच्चे को मुफ्त और अच्छी शिक्षा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि गृह मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने पूरी रिसर्च करके 372 पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे, लेकिन अभी तक आदेश लागू नही हो पाए। यदि किसी प्रदेश का गृहमंत्री अपने ही अधीन आने वाली पुलिस से ठीक से ड्यूटि न करने वाले 372 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड नहीं करा पा रहे तो इसका मतलब गृह मंत्री के तौर पर अनिल विज काम नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा उनके स्वस्थ्य मंत्रालय में पिछले 56 दिनों में सिर्फ 2 फाइलें पास हुई हैं। उन्होंने कहा कि अनिल विज के स्वास्थ्य मंत्रालय में अलग अलग प्रोजेक्ट से संबंधित 2500 फाइलें पेंडिंग है। इसका मतलब अनिल विज स्वास्थ्य मंत्रालय भी नहीं चला पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगला विभाग शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का आता है, वो कहते थे कि हरियाणा के स्कूलों का दिल्ली के स्कूलों के साथ तुलना कर लीजिए, जब आम आदमी पार्टी ने उनको हरियाणा के किसी भी स्कूल में विजिट करने की तो वे भाग खड़े हुए। उन्होंने कहा कि सच छिपाने से नहीं छिपता। हरियाणा एवं पंजाब हाईकोर्ट के आदेश से ये साफ हो गया जब 5 लाख रुपए का जुमार्ना हरियाणा सरकार पर लगाया। जिस कारण लगाया वो बहुत ही शर्मनाक है।

प्रदेश के 538 सरकारी स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय नहीं है और 1047 स्कूलों में लड़कों के शौचालय नहीं है। 236 स्कूलों में बिजली कनेक्शन ही नहीं है और प्रदेश के 131 सरकारी स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा नहीं है। हरियाणा के स्कूलों में ना टीचर है ना ही स्टाफ व बाकी फैसिलिटी है।

इन सभी वजहों से पोल खुल गई है कि हरियाणा का शिक्षा मंत्रायल भी ठप पड़ा है, यानी शिक्षा मंत्री भी इस सरकार में अपना काम ठीक से नहीं कर पा रहे हैं।

# नरेला : खाटू श्याम जी की निशान यात्रा का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में श्याम मित्र मंडल की ओर से छठी खाटू श्याम जी की भव्य निशान पदयात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज लेकर शामिल हुए। निशान पदयात्रा निकालने के पूर्व निशान पताका का पूजन मेन बाजार स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर में किया गया। बाहरी दिल्ली के नरेला में श्याम मित्र मंडल की ओर से हर माह की भाति इस माह भी भव्य निशान पद यात्रा का आयोजन किया गया। श्री खाटू श्याम जी की छठी विशाल पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। निशान पदयात्रा मेन बाजार स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर से शुरू होकर जीटी करनाल रोड अलीपुर स्थित खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर तक निकाली गई। निशान यात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं ने सुबह सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर





में ज्योति प्रज्वलित कर निशान पताका की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद श्याम बाबा के जयघोष के साथ निशान पद यात्रा का शुभारंभ हुआ। निशान पदयात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज लेकर श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। निशान पदयात्रा मेन बाजार नरेला से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई जीटी करनाल रोड होते हुए खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में संपन्न हुई। जहां भक्तों ने अपने हाथों से निशान बाबा को समर्पित कर पूजा पाठ किया। इस दौरान निशान पदयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। निशान पदयात्रा में अनिल गर्ग, सुनील सिंघल, राजीव बंसल, साहिल गर्ग, हरिओम अग्निहोत्री, अजय बंसल (बब्बू) मोहित गौतम, आकाश खत्री (आशु) पवन सिंघल (सोनी) दीपक पाराशर, अमित गौतम (सोनू) पंकज खत्री (रिंकू) नवीन गर्ग(राजू) प्रवीन जिंदल, अनिल सोनी, हेमंत शास्त्री सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## निगम पार्षद अजीत यादव ने किया आधार कार्ड कैंप का शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-17 के निगम पार्षद अजीत यादव ने भलस्वा गांव की यादव चौपाल में पोस्ट ऑफिस के द्वारा आधार कार्ड कैम्प लगवाया।
इस कैंप का उद्घाटन निगम पार्षद अजीत यादव ने किया। इस मौके पर भलस्वा गांव आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष हरिराम यादव और



साथ में गांव के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि मेरा लक्ष्य क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना है। ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की समस्याओं को सुन उनकी समस्या का उचित समाधान कर रहा हूं।

## जलमंत्री आतिशी ने वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**यमुना** को साफ करने की दिशा में केजरीवाल सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है। इस दिशा में केजरीवाल सरकार ओखला में एशिया का सबसे बड़ा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार करवा रही है, जहां प्रतिदिन 564 मिलियन लीटर सीवेज को शोधित किया जा सकेगा। परियोजना अपने अंतिम चरण में चल रही है, इसका निरीक्षण करने के लिए जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को इस प्लांट का दौरा किया। प्रोजेक्ट में देरी को लेकर जलमंत्री आतिशी ने अधिकारियों को फटकार लगाई और निर्देश दिये कि इस साल के अंत तक



प्लांट को शुरू कर दिया जाए। इस मौके पर जल मंत्री आतिशी ने कहा कि, 564 एमएलडी क्षमता वाला ये प्लांट यमुना को साफ करने की दिशा में गेम चेंजर साबित होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस प्लांट के शुरू होने के बाद प्रतिदिन करोड़ों लीटर सीवर को सीधे यमुना में छोड़ने के बजाय उसे शोधित करके छोड़ा जाएगा। इस प्लांट के चालू होने के बाद गंदे पानी के बायोलॉजिकल ऑक्सीडेशन डिमांड (बीओडी) स्तर को शोधित कर 10 तक लाया जा सकेगा। प्लांट से उपचारित पानी न केवल यमुना को साफ करने में मदद करेगा, बल्कि बागवानी सहित अन्य चीजों के लिए भी उपयोगी बनेगा। विजिट के दौरान जलमंत्री ने पाया कि प्रोजेक्ट तय डेडलाइन से पीछे चल रहा है, इसपर अधिकारियो को निर्देश देते हुए जल मंत्री ने कहा कि, नए टाइमलाइन के साथ साल के अंत तक बचा हुआ काम पूरा किया जाए, और हर सोमवार को उन्हें इसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि, यमुना को साफ करने की दिशा में ये प्लांट बेहद महत्वपूर्ण है, ऐसे में इसके निर्माण में अब एक दिन की भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि, यमुना की साफ करना हमारी प्राथमिकता है।

## गुरु साहिब ने लोगों को जाति-पात से मुक्ति दिलाईः सरदार हरमीत सिंह कालका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा संचालित गुरु तेग बहादुर साहिब इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व गुरु तेग बहादुर साहिब फोर्थ सेंटेनरी इंजीनियरिंग कॉलेज ने गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया।

इस मौके पर दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने आयोजकों को गुरु साहिब का प्रकाश पर्व मनाने के लिए बधाई दी और कहा कि गुरू साहिब ने उस समय मानवता का मार्ग प्रशस्त किया जब पूरी दुनिया अंध विश्वास और जाति-पाति में फंसी हुई थी। सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज से जात-पात को मिटाने का काम किया और पूरे समाज को मानस की जात सबै एकै पहचानबो का संदेश दिया सभी धर्मों के सम्मान की बात कही।

गुरु साहिब ने लोगों को बताया कि अकाल पुरख एक ही है और सभी इंसानों को उस अकाल पुरख ने ही इस दुनिया में भेजा है।

सरदार कालका और सरदार





काहलों ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन विशेष रूप से चेयरमैन सरदार हरजीत सिंह पप्पा और सह-चेयरमैन सरदार भूपिंदर सिंह गिन्नी को बधाई देते हैं, जिनके अथक प्रयासों से कॉलेज पॉलिटेक्निक से इंजीनियरिंग कॉलेज बन गया। उनके साथ ही सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा का भी इसमे महत्वपूर्ण रोल रहा जिसके चलते एलजी ने फाइल को अनुमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि सिख पंथ की यह संस्थाएं संगत के सहयोग से बेह्तरीन काम कर रही हैं, गुरु साहिब के आशीर्वाद और कृपा से ही ये संस्थाएं चल रही हैं तथा गुरु तेग बहादुर साहब के नाम पर बने यह संस्थान कभी बंद नहीं हो सकते।

पंजाब के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज पंजाब में नशे की नदी बह रही है, लेकिन देश की सबसे बड़ी संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अपनी जिम्मेदारी निभाने में पिछड़ती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए राजनीति छोड़कर कौम की सेवा करनी चाहिए।

इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा दिल्ली गुरुदेव समिति के सदस्य सरदार गुरदेव सिंह, सरदार गुरुमीत सिंह, सरदार राजिंदर सिंह, डॉ. निशान सिंह मान, सरदार मल्ही, सरदार गागी साहब, सरदार जगजीत सिंह और सिंह सभाओं के अध्यक्षों और पदाधिकारियों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सोहनपाल और चंद्रावती हुए सेवानिवृत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**न्यू** भारतीय सफाई कामगार यूनियन के तत्वाधान में दिल्ली नगर निगम केशव पुरम जोन वार्ड नंबर-64 से सेवा निवृत सोहन पाल और उन्हीं के साथ में बहुत ही सम्मानित महिला शक्ति चंद्रावती सेवानिवृत हुई। उक्त जानकारी न्यू भारतीय सफाई कामगार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनिवाल ने दी। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष राजेश बेनीवाल, रणवीर रिढलान, अमन रिढलान, सुमित पिहाल, जीबीपी गुड़ियाल, राजेश सरवान, लक्ष्मण सरवान, सुरेश बागड़ी, मुकेश बहोत ने बहुत सारी शुभकामनाएं और बधाई दी और निगम से गुजारिश की कि जल्द से जल्द उनकी ग्रैजुएटिंग, इनका जीएफ उनके तमाम लाभांश दे दिए जाएं।

## आस्था, विज्ञान से बची 41 श्रमिकों की जिंदगीः दयानंद वत्स भारतीय

**नई दिल्ली। अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में 17 दिनों से फंसे 41श्रमिकों के रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता के पीछे आस्था, विज्ञान और मानवीय पुरुषार्थ के संयुक्त समन्वय की भूमिका अहम रही है। वत्स ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए थे। राहत और बचाव के लिए लिए सभी विकल्पों पर काम किया गया।
बाबा बौखनाग के आशीर्वाद से सभी श्रमिक सकुशल टनल से बाहर आ सके। रेट माइनर्स की टीमों ने जो असाधारण पुरुषार्थ दिखाया है वह काबिले तारीफ है।

## मेरे खिलाफ दिए ब्यानों से सिरसा भाग गएः जीके

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने बुधवार को दिल्ली कमेटी नेताओं मनजिंदर सिंह सिरसा, हरमीत सिंह कालका और जगदीप सिंह काहलों द्वारा दायर 'आपराधिक समीक्षा' याचिकाओं को खारिज कर दिया है। दरअसल, दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे में तीनों आरोपियों ने निचली अदालत द्वारा जारी समन को सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी। जीके ने मीडिया को इस मामले की जानकारी देते हुए दावा किया कि मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने वाले सिरसा अब मेरे द्वारा कोर्ट में दायर मानहानि केस में अपने पुराने स्टैंड से भाग गए हैं। साथ ही ये तीनों नेता मेरे खिलाफ अपने पुराने आरोपों का सबूत भी कोर्ट में पेश करने में सफल नहीं हुए हैं। इसलिए मेरे द्वारा पेश किए गए



सबूतों और गवाहों के आधार पर निचली अदालत ने इन तीनों आरोपियों के खिलाफ मानहानि के आरोप में सुनवाई शुरू की और इन नेताओं को अदालत में पेश होने के लिए समन जारी किया था। जीके ने कहा कि फरवरी 2020 में दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने मेरे द्वारा कथित तौर पर हस्ताक्षरित एक पत्र के हवाले से अपनी सुखो खालसा स्कूल सोसाइटी की आड़ में गुरु हरिक्रिशन पब्लिक स्कूल, हरि नगर की जमीन पर दावा करते हुए तीस हजारी अदालत में केस दायर किया था। जिसके बाद सिरसा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मुझ पर आरोप लगाया था कि 2016 में मैंने हित को गुरु हरिक्रिशन पब्लिक स्कूल, हरि नगर उनकी सुखो खालसा सोसायटी को एक कथित पत्र के माध्यम से सौंप दिया था। इस संबंध में, सिरसा ने दिल्ली कमेटी के मीडिया सलाहकार के हवाले से कमेटी के आधिकारिक ईमेल पते से मीडिया को एक प्रेस नोट भी जारी किया था। लेकिन जब मैंने एक जवाबी प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए इस कथित पत्र में दर्ज हस्ताक्षर और इसकी कट-पेस्ट सामग्री पर सवाल उठाया, तो सिरसा ने कहा कि इस कथित पत्र की संदर्भ संख्या एक सिख लड़की को जारी किए गए अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र की है।
जिसके बाद मैंने मई 2023 में इस कथित पत्र के खिलाफ सिरसा के खिलाफ कोर्ट से एफआईआर दर्ज करवाई थी।